


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 14 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-286 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मालगाड़ी का इंजन हुआ डिरेल, पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों को हुई परेशानी

**बालोद,14 जनवरी।** जिले के दल्लीराजहरा रेल्वे स्टेशन में मालगाड़ी ले जाने वाली इंजन पटरी से डिरेल हो गई. इससे ट्रेक क्रमांक 1,2,3 प्रभावित हुई. इंजन के डिरेल होने से आज सुबह अंतागढ़ से दुर्ग जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. हादसा कल देर रात करीब 1 बजे हुआ. दरअसल, पैसेंजर ट्रेन प्लेटफार्म में न रुककर ट्रेक क्रमांक 4 में रुकी, जिसके कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए ट्रेक 4 में जाना पड़ा. हालांकि हादसे का कारण अभी तक स्पस्ट नहीं हो पाया है. इसकी जांच की जा रही है.

### यूजी छात्रों को मिलेगी इंटर्नशिप

**नई दिल्ली ,14 जनवरी ।** यूजीसी ने रिसर्च इंटर्नशिप को लेकर विशेष गाइडलाइंस तैयार की है जिसे देशभर के विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ साझा किया जा रहा है। रिसर्च इंटर्नशिप का सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा। ग्रेजुएशन कर रहे छात्र जिन कंपनियों में इंटर्नशिप करेंगे, वहां से उन्हें एक निश्चित रकम प्राप्त होगी। इसके अलावा, उनके लिए बीमा का प्रावधान भी किया जाएगा। यूजीसी की नई गाइडलाइंस बताती है कि रिसर्च इंटर्नशिप के लिए उच्च शिक्षण संस्थाओं को अपने यहां नोडल अधिकारी तैनात करना होगा। यह संस्थान रिसर्च इंटर्नशिप के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ समझौते कर सकेंगे। 4 वर्षीय अंडर ग्रेजुएट (एफवाईयूपी) प्रोग्राम के तहत चौथे वर्ष में रिसर्च की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं यूजीसी की गाइडलाइंस बताती है कि उच्च शिक्षा संस्थान प्रत्येक योग्य छात्र के लिए इंटर्नशिप सुपरवाइजर बनाएंगे। यह सुपरवाइजर निर्धारित अवधि के इंटर्नशिप प्रोजेक्ट को पूरा करने में छात्रों के मददगार होंगे। इसके अलावा, उच्च शिक्षण संस्थान ग्रुप इंटर्नशिप की संभावनाएं भी तलाश सकते हैं। गाइडलाइंस के इस ड्राफ्ट पर यूजीसी अपने सभी स्टेहोल्डर्स से सुझाव भी मांगे थे। उच्च शिक्षा से जुड़े देश भर के सभी शैक्षणिक संस्थान व अन्य स्टेकहोल्डर यूजीसी को ईमेल से अपने सुझाव भेज सकते थे। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार के मुताबिक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार यूजीसी ने अंडरग्रेजुएट स्तर पर क्रेडिट फ्रेमवर्क लागू किया है।

### महाराष्ट्र में कुओं की संख्या भारत में दूसरे स्थान पर

**मुंबई ,14 जनवरी ।** भारत में 2.19 मिलियन से अधिक कुएं, खोदे गए कुएं, उथले ट्यूबवेल, मध्यम ट्यूबवेल और गहरे ट्यूबवेल हैं, जो पृथ्वी के पेट से भारी मात्रा में बहुमूल्य भूजल खींचते हैं, लेकिन चिंता की बात यह है कि इस पानी की केवल मामूली मात्रा ही पुनः रिचार्ज हो पाती है। इनमें से, महाराष्ट्र में 3.2 मिलियन से अधिक कुएं हैं जिनमें 27,49,088 खोदे गए कुएं, 131,100 उथले ट्यूबवेल, 174,194 मध्यम ट्यूबवेल और 179,583 गहरे ट्यूबवेल शामिल हैं।



# विष्णुदेव साय ने श्री राम मंदिर में की साफ-सफाई

**रायपुर,14 जनवरी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर में साफ सफाई की. इस दौरान मुख्यमंत्री साय के साथ सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, टंक राम वर्मा, रामविचार नेताम और विधायक पुरंदर मिश्रा समेत अन्य नेता भी हाथ में झाड़ू-पोछा लिए साफ सफाई करते नजर आए. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के पहले सभी लोगों से मंदिरों, आस्था केंद्रों की साफ सफाई करने का आव्हान किया है. पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है. प्रधानमंत्री मोदी ने आव्हान किया है कि सभी मंदिर, तीर्थ और मठ में सफाई का काम करें. वहीं आज रायपुर राम मंदिर में हम सफाई काम किए. 22 जनवरी को भव्य उत्सव रहेगा और अभियान भी जारी रहेगा. छत्तीसगढ़ में भी 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं. पूरे छत्तीसगढ़ में आम जनता, मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी से भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे.





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के व्हीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर पहुँचे। उन्होंने भगवान श्री राम, माता जानकी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की

### दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी जीरो, 7 फ्लाइट्स डायवर्ट

**नई दिल्ली ,14 जनवरी।** उत्तर भारत में आज रविवार सुबह वातावरण में चारों तरफ घने कोहरे की चादर छाई हुई है। इससे सड़क से रेलवे और हवाई यातायात भी प्रभावित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, घने कोहरे के कारण आज सुबह पांच बजे दिल्ली स्थित ढ्ढत्रढ्ढ एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी का स्तर शून्य हो गया, इससे कई फ्लाइट्स की उड़ान के समय में देरी हुई है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के मौसम के कारण 4.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 7 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। इसमें से छह को जयपुर और एक को मुंबई के लिए डायवर्ट किया गया। विस्तारा की दिल्ली से पुणे की उड़ान में एक घंटे से अधिक की देरी हुई है। वहीं, कोहरे के साथ-साथ कड़ाके की सर्दी का सितम भी जारी है। रविवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, आरके पुरम क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को, शहर का कोल्ड डे की स्थित बनी थी।

### रायपुर में रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वालों को हो रहा भारी नुकसान

# टायर किलर से दो दिनों में डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के फटे टायर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,14 जनवरी।** शहर में स्पीड गाड़ियों पर नियंत्रण लाने के लिए नगर निगम और पुलिस यातायात विभाग ने रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वालों के लिए टायर किलर लगाने की पहल की गई. यह पहल कारगर भी साबित हो रही है. दो दिनों में रॉन्ग साइड में चलने वाले डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के टायर फट गए हैं. रायपुर में दो जगहों पर टायर किलर लगाए गए थे लेकिन दुर्घटना की आशंका के चलते एक जगह से उसे हटा दिया गया है.

शहर के तेलीबांधा रिंग रोड के आगे काके द हैप्पी ढाबा रोड में है टायर किलर लगाया गया है. इसके साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग के पास लगे



टायर किलर को दुर्घटना की आशंका के चलते हटा दिया गया है. जबकि मल्टी लेवल पार्किंग के पास नगर निगम ने बोर्ड लगाकर 3 दिन पहले ही चेतावनी जारी किया था. इतना ही नहीं यहां तैनात यातायात पुलिस के जवान भी लगातार लोगों को समझे देते हुए नजर आ रहे थे. रिंग रोड के पास लगे टायर किलर के चलते शनिवार को कई गाड़ियां के टायर फट गए. बताया जा रहा है कि टायर किलर लगाने के दो दिनों में ही डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के टायर फट गए हैं मल्टीलेवल पार्किंग के पास लगाए गए टायर किलर को हटाकर अब उसे एक्सप्रेसवे के पास किंग्स वे होटल के पास लगाया जाएगा. बता दें कि अनुमानित टायर किलर की राशि 22000 रुपये है. टायर किलर के आसपास वाहन चलाकर गुजरने वाले लोगों का कहना है कि रायपुर में की गई यह पहल अच्छी साबित हो रही है. लेकिन जानकारी का अभाव कम है. हम इसको लेकर जागरूक नहीं है. बहुत से ऐसे लोग हैं. जिन्हें टायर किलर लगने की जानकारी ही नहीं है. तो पुलिस और नगर निगम को जानकारी के लिए एक जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है. लेकिन यह कारगर पहल है. आम जनता को इससे फायदा पहुंचेगा.

# मिलिंद देवरा ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

### शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की संभावना

**मुंबई,14जनवरी।** कांग्रेस पार्टी की न्याय यात्रा की शुरुआत होने से पहले ही पार्टी नेता मिलिंद देवरा ने



कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसकी जानकारी मिलिंद देवरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी है। दक्षिण मुंबई सीट से लोकसभा के पूर्व सदस्य देवरा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रविवार को लिखा, ''आज मेरी राजनीतिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन हुआ। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और इसी के साथ पार्टी से मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया है। मैं वर्षों तक अटूट समर्थन देने के लिए सभी नेताओं, सहकर्मियों और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं।'' कांग्रेस नेता मिलिंद देवरा के कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं भी तेज हो गई है। बीते कई दिनों से ये चर्चा थी कि वो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो सकते है। हालांकि एक दिन पहले शनिवार को मिलिंद देवरा ने इन दावों को खारिज कर दिया था। देवरा को हाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। देवरा ने दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) के दावे को लेकर असहमति व्यक्त की थी। अविभाजित शिवसेना के अरविंद सावंत ने 2014 और 2019 के आम चुनावों में देवरा को हराया था। सावंत अब ठाकरे गुट में शामिल हैं। देवरा एक समय कांग्रेस की मुंबई इकाई के प्रमुख भी थे। वह पार्टी के दिग्गज नेता दिवंगत मुरली देवरा के बेटे हैं।

**असम के इस बड़े नेता का पद से इस्तीफा-** गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी को असम में लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी की कई बड़े नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं। बीते वर्ष नवंबर में भी असम कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की थी। कांग्रेस पार्टी को एक ही दिन में दूसरी बार झटका लगा है।

# इंडिगो के यात्री एयरपोर्ट में भटकने को मजबूर

**रायपुर,14 जनवरी।** इंडिगो के विमान से रायपुर से दिल्ली की यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सुबह 9 बजे रायपुर आ जाने वाला विमान दोपहर 12 बजे तक नहीं पहुंचा था. विमान कब रायपुर पहुंचेगा, इस पर एयरलाइंस का स्टॉफ भी सही जानकारी नहीं दे पा रहा है. यात्री ने बताया कि सुबह 8.30 बोर्डिंग का टाइम बताया गया था. सभी यात्री समय पर आ गए हैं, लेकिन फ्लाइट का अब तक कुछ अता-पता नहीं है. इंडिगो का स्टॉफ भी इस संबंध में सही जाकारी नहीं दे पा रहा है. इसके अलावा यात्रियों के लिए चाय-पानी तक की व्यवस्था नहीं है. उन्होंने बताया कि कुछ यात्री भी हैं, जिनका डॉक्टर से अपॉइंटमेंट था. लेकिन अब फ्लाइट के लेट होने की वजह से वे भी डॉक्टर से नहीं मिल पाएंगे. उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के डिस्प्ले में विमान के आने का समय 1.30 बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मोबाइल एप में विमान आने का समय 2.15 बता रहा है. यात्री पशोपेश में हैं कि किस समय को सही माने.




### माओवादियों ने केंद्र पर फिर लगाया एयर स्ट्राइक का आरोप

**बीजापुर,14 जनवरी।** माओवादियों ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर एयर स्ट्राइक करने का आरोप लगाया है. सीपीआई (माओवादी) दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने सुकमा-बीजापुर के सरहदी मेटटागुड़ा, एरनपल्ली और बोटट्टे तोंग में ड्रोन से बमबारी करने का आरोप लगाते हुए तस्वीर जारी की है. सीपीआई (माओवादी) दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के प्रवक्ता समता की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 13 जनवरी को जब लोग संक्रांति का त्योहार मना रहे हैं, तब बीजापुर जिले के बार्डर इलाके के गांव - मेट्टागुड़ा, एर्रानपल्ली, बोट्टेतोंग में खेत-खलिहान और जंगल इलाके में ड्रोन से बम गिराया गया है. जिसके विरोध में लोगों से आंदोलन करने का आह्वान किया गया है. बयान में कहा गया कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के बाद आरएसएस-भाजपा की बुलडोजर सरकार बनाने के बाद हजारों संख्या में पुलिस को तैनात कर नया कैंप बना रहे हैं. सैकड़ों बुलडोजर, पोकलेन और गाड़ियां चलाकर जंगल को विध्वंस करके कैंप और कैंप के लिए पुलिया, रोड, टॉवर बना रहे हैं.

### राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' ढकोसला : रामविचार नेताम

**रायपुर,14 जनवरी।** राहुल गांधी की आज से शुरू हो रही न्याय यात्रा पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह एक ढकोसला है. दरअसल, वे अपने पार्टी के अंदर ही न्याय खोज रहे हैं. यहां की जनता ने तो न्याय कर दिया. असुरी शक्ति का समर्थन करने वाले, अधर्म की यात्रा पर चलने वाली सरकार को जनता ने सही जगह पहुंचा दिया है. मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को बरगलाने का काम किया. प्रदेश को बर्बाद करने में तुले रहे. जनता ने उन्हें सबक सिखाया. भाजपा की सरकार बनाकर पीएम मोदी पर विश्वास जताया. लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर भाजपा की जीत होगी. पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तैयारी है. राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हो रही बयानबाजी पर मंत्री नेताम ने कहा कि कांग्रेस और उससे जुड़े हुए भगवान राम के विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं. प्रभु राम के बारे में



आलोचना करने वालों का अस्तित्व समाप्ति की ओर है. कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष बनाने को लेकर मेजॉरिटी नहीं मिल पाई है. मंत्री ने कहा कि साधु-संतों की उपस्थिति में पीएम मोदी के द्वारा भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी. वे उसका भी विरोध कर रहे हैं. ये सब कहां जाएंगे. आने वाले दिनों में ये उस लायक ही नहीं रहेंगे कि विरोध करें. कांग्रेस में सीट फुटव्वल की स्थिति है. वे आपस में लड़ रहे हैं. कांग्रेस की स्थिति अब और खराब होने वाली हैं.

# हाईवे पर बेधड़क दौड़ रहे रेत से भरे ओवरलोड डंपर

**भखारा,14 जनवरी।** महानदी घाटों से निकलने वाले रेत को डंपर ओवरलोड वर्कर ग्रामीण कल्ले,अंवरी,सिर्वे,सेमरा एवं भाठागांव,थुहा, कोलियारी,भखारा, सिलघट से गुजरते हुए भिलाई दुर्ग इलाके में रेत परिवहन करते हैं 7 जो कि बेधड़क ओवरलोड रेत से भरे डंपर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं यह वाहन चलाते हुए मोबाइल का भी प्रयोग कर रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन और पुलिस इससे अच्छी तरह से वाकिफ है उसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रहा एवं कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति किया जाता है। नियमों के मुताबिक ओवरलोड चलाना तो गैरकानूनी है ही साथ में वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत बने हुए हैं। प्रशासन और पुलिस की ओर से न तो इनका चालान किया जा रहा है और नहीं ही इन डंपरों को बाउंड किया जा रहा है।




**ओवरलोड वाहनों के कारण बिगड़ रही सड़कों की सूरत-**जो भी सड़क नयी बनती है उसे ही ओवरलोड वाहन अपना निशाना बना लेते हैं इस कारण कुछ ही दिन में सड़क की सूरत बिगड़ जाती है। ओवरलोड वाहनों के कारण शहर से देहात तक सड़कों की हालात खस्त हो रही है। मोटी कमाई के फेर में वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जिनकी तरफ परिवहन विभाग भी कोई ध्यान नहीं दे रहा। ऐसे में वाहन मालिक व चालकों के हौसले बुलंद हैं। जबकि मेन हाईवे से गांवों को जोड़ने वाली लिक सड़कें ग्रामीण लोगों की सुविधा के लिए बनाई जाती हैं, जिनका ग्रामीण लोगों को कोई फायदा नहीं मिल पाता। हालात यह हो जाते हैं कि वाहनों की ओवरलोडींग के कारण सड़क टूट चुकी है,जिसके चलते गांवों में आने जाने वाले दो पहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई बार खराब सड़क टूटी होने की वजह से ट्रक पलट जाते हैं।

**अनियंत्रित होने से हादसे का बना रहता है डर-**डंपर ओवरलोड होने के कारण अनियंत्रित होने का खतरा बना रहता है। जो अनियंत्रित होकर सड़कों पर पलट जाते हैं। इससे बड़ा हादसा होने का भय बना रहता है। ओवरलोड डंपर में रेत उपर तक भरा जा रहा है जिसे ढका हुआ नहीं है और वह हवा में उड़कर रास्ते में वाहन चालकों की आंखों में डल रहा है। जिससे वह भी हादसे का शिकार बन सकते हैं।

# न्याय का हक मिलने तक के नारे के साथ मणिपुर रवाना हुए कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली,14 जनवरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में रविवार 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत होने जा रही है जो कि मणिपुर से निकाली जाएगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए कांग्रेस पार्टी बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेगी। इस यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल के निकट थोबल से होगी। मार्च के तीसरे सप्ताह में मुंबई में इस यात्रा को खत्म किया जाएगा। बता दे कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 14 जनवरी को इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस भारत जोडो न्याय यात्रा के संबंध में कांग्रेस पार्टी ने बयान दिया था कि ये भारत जोड़ो न्याय यात्रा चुनावी नहीं बल्कि वैचारिक यात्रा है। इसके जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के बीते 10 वर्षों के ''अन्याय काल'' के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यात्रा की शुरुआत से एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा था कि आज देश के सामने एक ऐसी विचारधारा की चुनौती है जो ध्रुवीकरण, अमीरों को और अमीर बनाने तथा राजनीतिक तानाशाही में विश्वास करती है।

जय राम रमेश ने कहा कि मणिपुर प्रशासन ने यात्रा को लेकर कई शर्ते रखी हैं और पार्टी उनका पालन करेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी थोबल में खोंगजोम युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। यह एक ऐतिहासिक स्मारक है, जिसका उद्घाटन 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किया था। यात्रा के दौरान राहुल गांधी हर दिन दो सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वह हर दिन समाज के विभिन्न वर्गों के 20 से 25 लोगों से मिलेंगे। वह सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे।

## एक नजर

### बुज़ुर्ग को चाकू मारने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई अब तक सिनेमा और अन्य बड़े कार्यक्रमों के टिकट व पास को ज्यादा कीमत पर ब्लैक में बेचे जाने की बात आम तौर पर सुनाई देती रही है, लेकिन जवाहर नगर के कचरा दारू भट्टी के बाहर एक बदमाश दारू को ब्लैक में बेचता था। जब भी दुकान पर ज्यादा भीड़ होती, वह प्रति पौवा के पीछे 10 रुपये अधिक लेकर ग्राहकों को जल्दी शराब उपलब्ध करवाता था एक बुजुर्ग ने उसे शराब लाने के लिए बोला तो आरोपित ने उससे विवाद शुरू करदिया और चाकू निकालकर उसके पेट में घोंप दिया। घटना में घायल बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती है और वर्तमान में उसकी हालत गंभीर बनी हुई है घटना की शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ गाली-गलौज और हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी करगिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि साई मंदिर के पास हाउसिंग बोर्ड निवासी अंकित अहिरे उर्फ छोटा बाबू (21) जवाहर नगर कचरा दारू भट्टी के बाहर ब्लैक में दारू उपलब्ध करवाता था हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा के पास रहने वाला प्रह्लाद गुप्ता 68 ) दारू भट्टी के पास गया था वहां पर उसने आरोपित से एक पौवा शराब लाने के लिए बोला तो आरोपित ने उससे विवाद शुरू कर दिया आरोपित का कहना था कि पीड़ित ने उसे शराब लाने के लिए आदेशात्मक लहजे में बोला था इसी बात पर उन दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ और आरोपित ने चाकू निकालकर उसके पेट में घोंप दिया और वहां से फरार हो गया। वहां उपस्थित अन्य लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद डायल 112 की टीम ने बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपित अंकित अहिरे उर्फ छोटा बाबू के खिलाफ प्राथमिकी कर गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेजा गया है ।

### ब्राउन शुगर सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई एक युवक को सुपेला पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है युवक सुपेला के दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान में ब्राउन शुगर बेच रहा था पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.73 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब 19 हजार रुपए आंकी गई है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि रात 11 बजे मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान सुपेला के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बेच रहा है सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर संदेही को घेराबंदी का पकड़ा संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम सदेश मेश्राम (28 वर्ष ) निवासी टीचर कालोनी छोटा भवानी नगर सरस्वती नगर रायपुर का रहने वाला बताया आरोपी के कब्जे से 18 नग ब्राउन शुगर पुड़िया, 8.73 ग्राम जब्त किया है। सुपेला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21(ख), 27(क ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### हेरोइन बेच रहा था दबोचा गया



**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने रामनगर में हेराईन (चिट्टा) बेचने के लिए ग्राहक तलाशते हुए पक ड़ाया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 हजार रुपए का 3.23 ग्राम हेराईन (चिट्टा) एवं बिक्री की 14 हजार रुपए व वाहन बरामद किया है ममता अली शर्मा ने बताया कि 12 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि सार्वजनिक शौचालय विकासपारा रामनगर के पास एक व्यक्ति जुपीटर (स्कूटी) की डिक्की में हेराईन (चिट्टा) रखकर बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर मौके पर पुलिस पार्टी को रवाना किया गया। जहां पर मुखबीर के बताये हुलिया वाला व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे पुलिस पार्टी ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम रंजीत सिंह उर्फ रिंकु सिंह (32 वर्ष ) निवासी गुरूनानक नगर गुरुद्वारे के पीछे वैशाली नगर का रहने वाला बताया। आरोपी के स्कूटी के डिक्की से प्लास्टिक के मुलायम झिल्ली में लिपटा 3.32 ग्राम हेराईन (चिट्टा) कीमत 18000 एवं बिक्री रकम 14000 तथा जुपीटर को बरामद किया गया छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देश के बाद लगातार थाना क्षेत्र में एवं अवैध शराब ब्राउन शुगर नशीली दवाई सहित जिले में लगातार कार्रवाई चल रही ।

### नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी

**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर एक व्यक्ति से 7 लाख 6584 रुपए की धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि हुडको निवासी शैलेष कुमार मालवीय (56 वर्ष ) ने बताया कि उसे पार्ट टाइम काम करने के लिए टेलीग्राम ऐप पर एक मैसेज आया कि यात्रा ऑनलाइन प्रा.लि. के साइड में अपना आईडी बनाकर पार्ट-टाइम काम शुरु कर सकते हैं। तब प्रार्थी ने झांसे में आकर साइड में चला गया।

# सशक्त बेटियों ही समृद्ध राष्ट्र की पहचान, बेटियां हमारा गौरवःकलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,14 जनवरी।** कलेक्टर जनमजेय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सुरक्षा-बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया महाविद्यालय में ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं'' योजना अंतर्गत् 03 से 13 जनवरी 2024 तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर में कुल 400 बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कलेक्टर श्री जनमजेय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव शामिल होकर बेटियों की सशक्तिकरण के लिए संदेश दिए।

कलेक्टर जनमजेय महोबे ने बेटियों को संदेश देते हुए जानकारी दिया कि ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं'' योजना का शुभांरभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2015 को पानीपथ हरियाण से किया। इस योजना को उन्होनें अधिकारिक तौर पर अपने अत्यधिक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के रुप में शामिल किया है। कलेक्टर ने बताया कि जब मुझे कमिश्नर एवं संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी मिला था तब यह योजना छत्तीसगढ़ के दो जिले में रायगढ़ एवं बीजापुर में संचालित था। शुरूवात में हमने हरियाणा और राजस्थान के स्थितियों को देखते हुए बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाने के साथ-साथ पांच पेड़ लगाने का संकल्प लेते हुए अभियान चलाया। आज हमारे प्रदेश में बेटे और बेटियों में कोई फर्क नहीं है, बालिकाएं सशक्त हैं और कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं है। इससे स्पष्ट है कि हमारा देश इस क्षेत्र मे बहुत आगे हैं बेटियां हमारे लिए वारदान से कम नहीं, बेटियां हमारी गौरव हैं। कलेक्टर ने इस सफल आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से एक नयी उर्जा एवं आत्मविश्वास को बल मिलता है ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

**बेटियो का सम्मान और सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक**-पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने अपने उद्धबोधन में कहा कि बेटियां आज सशक्त हैं और सभी क्षेत्र में पुलिस, सेना, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, पायलेट आदि सभी क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे है आज हमारी बेटियां स्वयं आत्मरक्षा के लिए सक्षम है किसी भी असामाजिक तत्वों कों सबक सिखा सकती हैं। बेटियों का सम्मान और सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। इस आयोजन पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर कार्यक्रम के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. पल्लव ने महिला एवं बाल विकास विभाग और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनांर्गत चलाएं जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना का मुख्य उद्देश्य लिंगाधार पर असमानताओं को दूर कर बेटियों की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ाना है ।

**महिला सशक्तिकरण के लिए शहर में निकाली जागरूकता रैली**-कार्यक्रम में लिंगाधार भेदभाव समाप्त करने बालिका सुरक्षा सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए शहर में जागरूकता रैली निकालकर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का संदेश देते हुए सभी ने भी सपथ लिया साथ हि सभी प्रतिभागियो और सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नोडल अधिकारी, संरक्षण अधिकारी सुश्री नितिका डडसेना नवा बिहान रहें। कार्यक्रम के अंतिम में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान कराते मास्टर ट्रेनर, नेशनल चैंपियन एवं आरक्षक श्री आकाश राजपूत, ब्लैक बेल्ट एवं एस्सप्रेशनल फेलों बोड़ला सुश्री कुमुद मिश्रा, ब्लैक बेल्ट श्री मनीष निषाद, प्राध्यापक शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय श्री लवन सिंह कंवर, प्रबंधक विशेषीकृत दत्तक ग्रहण श्री सत्यमित्र शास्त्री, महेश निर्मलकर, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 सखी वन स्टॉप सेंटर कवर्धा से श्रीमती विभा बक्शी, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती मधु भट्ट, श्रीमती कविता सिंह, श्रीमती डालेश्वरी साहू, श्रीमती सविता तिवारी जिला बाल संरक्षण इकाई से अविनाश सिंह, घनाराम निर्मलकर, विनय जंघेल, भारती परमार, महिला बाल विकास विभाग की टीम, स्कूल, कॉलेज शिक्षक एवं छात्रायें व कवर्धा शहर के अन्य गण नागरिक उपस्थित थे।



### पूर्व महिला विधायको ने छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट को गुलदस्ता भेंटकर सौजन्य मुलाकात की

**कवर्धा, 14 जनवरी।** पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर और धरसीवां की पूर्व विधायक अनीता शर्मा और सिहावा की पूर्व विधायक लक्ष्मी धुर्व ने छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट को गुलदस्ता भेंटकर सौजन्य मुलाकात की।

## अत्याधिक ध्वनि वाले साइलेंसर बुलेट वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 जनवरी।** शहर में यातायात की टीम के द्वारा लगातार सघन पेट्रोलिंग कर बस स्टैंड बजरंग चौक नवीन बाजार ठाकुर देव चौक रायपुर बाईपास रोड भोरमदेव तिराहा आदि जगहों पर दुकानदारों को एवं ठेले वालों को समझाइए देकर यातायात व्यवस्थित कराया गया दुकान दुकानों के जो सामान रोड पर रखे गए थे उन्हें दुकान के अंदर कराया गया साइन बोर्ड फ्लेक्स को भी हटाया गया एवं नाबालिक स्कूली बच्चों मोटरसाइकिल चलाते पकड़कर उन पर कार्रवाई की गई मॉडिफाई साइलेंसर एवं अत्यधिक ध्वनि वाले साइलेंसर बुलेट वाहन चालकों को समझाइए देकर कार्रवाई की गई साथ ही प्रेशर और पर भी समझाइश देकर कार्रवाई की गई ।



### 25 जनवरी को शांकभरी जंयती मनाई जाएगी



**उतई, 14 जनवरी।** धनोरा में हर साल की भांति इस साल भी छेरछेरा पुननी 25 जनवरी के दिन मां शाकंभरी जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा मां शीतला प्रगण के पास मां शाकंभरी मंदिर पर सुबह 10 बजे कोसरीया मरार समाज द्वारा शोभा यात्रा गली भ्रमण किया जाएगा एवं फिर मंदिर पहुचकर पुजा पाठ करके खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा कोसरीया मरार समाज के मुख्य रूप से उपस्थित रहे गे अवध पटेल राजपंच मनोज पटेल अध्यक्ष पटेल समाज धनोरा कृष्णा पटेल रमेश हेमंत रविश नीलकमल पटेल दीपक परमेशवर प्रदीप कुंज लाल पटेल लक्की तानू राम दिनेश भीषम भुपेंद्र बाहरा पटेल तोरण पटेल श्रीमती प्रभा पटेल योगिता चन्दीका हितेश पटेल चालेशवरी पुजा पटेल दशरी बाई पटेल रेखा बाई पटेल आदि मौजूद रहेगे यह जानकारी कोसरीया मरार समाज के अध्यक्ष मनोज पटेल ने दी।

## बीएसपी के यूआरएम कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना

भिलाई, 14 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन हमेशा अपने कर्मचारियों के ईमानदार और उल्लेखनीय प्रयासों को मान्यता देता रहा है और इसके लिए उन्हें सम्मानित करता रहा है। ये प्रयास, चाहे कार्यस्थल पर उनके सराहनीय कार्यों का प्रदर्शन हो या सुरक्षा प्रोटोकॉल का सचेत अनुपालन हो, भिलाई इस्पात संयंत्र में ईमानदार प्रयासों की हमेशा सराहना की जाती है। ऐसे असधारण कार्य के लिए कर्मचारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं, जिनमें पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार, नेहरू पुरस्कार, श्रम पुरस्कार आदि शामिल हैं। संयंत्र के कर्मचारियों को इस तरह के पुरस्कारों से सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य, सुरक्षा के मानक मापदंडों का पालन करते हुए संगठनात्मक उद्देश्यों को पूर्ति करके कार्यस्थल पर उनके द्वारा प्रदर्शित ईमानदार प्रयासों और कड़ी मेहनत को स्वीकार करना और सम्मान देना है। ऐसी ही एक पहल में, कर्मचारियों को किसी विशेष कार्य या शिफ्ट के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग प्रमुख द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया



जाता है।भिलाई इस्पात संयंत्र के तीन अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ये पुरस्कार अर्जित किए। मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने, सहायक महाप्रबंधक आनंद कुमार टाके, सहायक प्रबंधक संजीव कुमार पंत और सहायक प्रबंधक अरुण कुमार को प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया। सेनगुप्ता ने संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्रों में यह उल्लेख किया कि मैं आपके द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना करता हूं। मुझे आशा है कि आप भविष्य में भी अपने ईमानदार प्रयास जारी रखेंगे और दूसरों के बीच उत्कृष्टता की संस्कृति का प्रसार करेंगे। उल्लेखनीय है कि आनंद कुमार टाके को यह सम्मान 28 सितंबर और 29 सितंबर 2023 को लगातार दो दिन प्राप्त हुआ। आनंद कुमार ने दोनों दिन संयंत्र में त्यौहार का महौल होने के बावजूद सी-शिफ्ट के दौरान 151 रेल पटरियों की रोलिंग करने का चुनौतीपूर्ण कार्य बिना किसी देरी या ब्रेकडाउन के पूरा किया था। संजीव कुमार पंत और अरुण कुमार को भी साल की शुरुआत में 01 जनवरी 2024 को यह प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ था। 01 जनवरी 2024 को नववर्ष पर संजीव कुमार पंत और अरुण कुमार ने उचित योजना के साथ 152 रेलों का निरीक्षण करके और ठेका श्रमिकों सहित सीमित जनशक्ति के माध्यम से प्रभावी ढंग से संचालन और प्रबंधन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 01 जनवरी, 2024 की ए-शिफ्ट के दौरान बिना किसी समस्या और ब्रेकडाउन के प्रोसेसिंग हुई। आनंद कुमार टाके ने कहा, कि अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसा की इच्छा रखना मानव स्वभाव है, साथ ही एक समय के बाद हमारा काम नीरस हो जाता है। हालाँकि, ये प्रशस्ति पत्र बीएसपी प्रबंधन द्वारा हमें हमेशा से दी गई है। प्रयासों की सराहना करने से निश्चित रूप से सभी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है और हम सभी अपने निर्धारित लक्ष्य से परे सेल और बीएसपी के लिए कुछ बेहतर हासिल करने के लिए प्रेरित होते हैं। अरुण कुमार ने कहा कि हमारा दैनिक लक्ष्य प्रति शिफ्ट 140 रेल का उत्पादन करना है। 01 जनवरी को, हमने साल के पहले दिन कुछ यादगार करने का संकल्प लिया था। हमने अपनी सीमित सीमाओं के परे जाकर सभी अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अतिरिक्त प्रयास करने की अपील की। सभी संबंधित टीमों, सहायक विभागों और विशेष रूप से राइट्स अधिकारियों के सहयोग से, एक ही पाली में 152 रेलों के उत्पादन की उपलब्धि हासिल की गई। एस के पंत ने कहा, कि जिस तरह एक बच्चे को अच्छी पढ़ाई करने और बेहतर अंक लाने के लिए, जब उसके माता-पिता उसके अच्छे अंकों की सराहना करते हैं, तो बच्चे को प्रेरणा मिलती है, उसी तरह जब हमें सेल या बीएसपी प्रबंधन से प्रशंसा मिलती है, तो हम भी दृढ़ संकल्पित हो जाते हैं। सुरक्षा का पालन करते हुए अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं और उच्च उत्पादन व कार्य क्षमता आदि उपलब्धियां हासिल करते हैं।

### किशन हिरवानी ने 29वीं बार किया रक्तदान



**उतई।** रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान कर आप किसी की जिंदगी बचा सकते हैं और इंसानियत की मिसाल भी पेश कर सकते हैं। ऐसे ही एक युवक पाटन क्षेत्र के ग्राम अचानकपुर में हैं, जो अभी तक 29 बार रक्तदान कर लोगों की जान बचा चुका है। 45 वर्षीय किशन हिरवानी ने 18 साल की आयु में पहली बार रक्तदान किया था। उसके बाद से लगातार जरूरतमंदों को रक्तदान करते हैं। श्री हिरवानी तहसील साहू संघ पाटन के मीडिया प्रभारी है।

## सीएम ने नई दिल्ली रवाना हो रही झांकी टीम से की चर्चा



**भिलाई ,14 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की प्राचीन जनसंसद मुरिया दरबार को प्रदर्शित करने आज नई दिल्ली रवाना हो रही बालिकाओं की टीम से चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालिकाओं की टीम से चर्चा में कहा कि हम सबके लिए यह बड़े सौभाग्य का विषय है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की झांकी राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ में प्रदर्शित की जा रही है। छत्तीसगढ़ से इस बार मुरिया दरबार पर केंद्रित झांकी के लिए आप सभी दिल्ली जा रहे हैं। आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। साय को जब उनके प्रस्थान की सूचना अधिकारियों द्वारा दी गई तो उन्होंने तत्काल उन बच्चियों से बात करवाने को कहा और दिल्ली के लिए अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन पे मौजूद इन बालिकाओं से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की। साय ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियों ने हमेशा प्रदेश का नाम ऊंचा किया आज एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड पर पूरे विश्व की दृष्टि हमारे भारतवर्ष पर रहती है। यह एक ऐसा अवसर होता है जहां देशभर की कला संस्कृति से अवगत होने का मौका मिलता है और इन सब बालिकाओं को छत्तीसगढ़ की महान और प्राचीन आदिवासी भारतीय संस्कृति को निरूपित करने का मौक़ा मिला है। साय ने विश्वास जताया कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमारी बेटियां छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और पुरातन परंपराओं को देश ही नहीं बल्कि वैश्विक मानचित्र पर पहचान दिलाने में कामयाब होंगी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर समूह की बालिकाओं से अनौपचारिक चर्चा करते हुए उनके नाम व उनकी भूमिका के बारे में भी पूछा। अपने बीच,अप्रत्याशित रूप से और यात्रा के ठीक पहले, मुख्यमंत्री को पाकर अत्यंत उत्साह में दिखीं और झांकी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का निश्चय दिखाया। दुर्ग स्टेशन से दिल्ली रवाना हो रही बालिकाओं की टीम ने मुख्यमंत्री श्री साय से कहा कि वे सभी अपनी प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगे। जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी भारत सरकार द्वारा प्रदत्त थीम भारत लोकतंत्र की जननी पर आधारित है। छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। देश के 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार को इस साल नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र-दिवस परेड के लिए चयनित किया गया है। नई-दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड के लिए 28 में से 16 राज्यों का चयन किया गया है। झांकी का अनूठा विषय और डिजाइन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति को रिझाने में कामयाब रहा। इस झांकी में केंद्रीय विषय आदिम जन-संसद के अंतर्गत जगदलपुर के मुरिया दरबार और लिमऊ-राजा को दर्शाया गया है।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

भिलाई, 14 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 15 से 20 जनवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी।

### आरसीएल में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का समापन



**भिलाई, 14 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला विभाग में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 8 से 13 जनवरी तक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक ए व्ही मनोज उपस्थित थे। इस विभागीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान रंगोली, संगीत, पोस्टर, कविता, स्लोगन, निबंध और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमश सुश्री आयशा, सुश्री प्रीती एवं मनमोहन दास को प्राप्त हुआ। संगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिखी राम साहू, द्वितीय पुरस्कार सुरेश कुमार एवं तृतीय पुरस्कार आयशा को प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमषः युगल किशोर, हूलेश्वर वर्मा और रिषभ घोष को प्राप्त हुआ। कविता में प्रथम पुरस्कार -ए. के नाइक, द्वितीय पुरस्कार -देनु राम और तृतीय पुरस्कार ऋचा अवस्थी को प्राप्त हुआ।

स्लोगन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमषः डोमेन्द्र साहू, राज कुमार मिश्रा और खिलांजलि को प्राप्त हुआ। निबंध में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमषः मनीषा नंदी, वेंगेश्वर साहू और रवि शंकर पाण्डेय को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।



## पुलिस अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें :एसएसपी

**भिलाई, 14 जनवरी।** भिलाई चाकूबाजी एवं अन्य हिंसात्मक वारदातों को रोकने दुर्ग पुलिस ने कमर कस ली है। सार्वजनिक स्थलों पर धारदार हथियार लेकर घूमने वाले संदिग्ध तत्वों पर नजर रखकर कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक लेकर हिदायत दी है। श्री गर्ग अधिकारियों को इस दिशा में अपने सूचना तंत्र को मजबूत करने की सलाह भी दी है दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने बीती रात रात्रि पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में जिले के राजपत्रित अधिकारियों और एसीसीयू की टीमों की बैठक लेकर चाकूबाजी एवं हिंसात्मक घटनाओं की रोकथाम किए जाने हेतु सख्त निर्देश दिया। उनके द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर बिना किसी खास वजह के भ्रमण करने, धारदार हथियार लेकर घूमने वाले संदिग्धों पर निगाह रखकर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । इसी प्रकार पूर्व में चाकूबाजी की घटना में लिप्त पाए गए बदमाशों पर भी नजर रखने हेतु एवं इस संबंध में अपने-अपने सूचना तंत्र को मजबूत किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। गौरतलब रहे कि पिछले कुछ दिनों से भिलाई - दुर्ग शहरी क्षेत्र में चाकूबाजी जैसी अनेक घटनाएं हो चुकी है। खासकर युवा पीढ़ी तेज धारदार हथियार लेकर घूमने में अपनी शान समझ रहा है। ऐसे में मामूली विवाद पर हिंसात्मक वारदात होने की संभावना बनी रहती है। पुलिस की कोशिश है कि किसी को भी तेज धार हथियार आसानी से उपलब्ध न हो सके। इसके लिए दुकानदारों को भी चाकू आदि विक्रय करने में दिशा निर्देश के पालन की चेतावनी दी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने दुकानदारों से अपील की है कि कोई भी नाबालिग को किसी भी प्रकार के चाकू या धारदार औजार बेचने के पूर्व उसके उद्देश्य के संबंध में पूर्ण रूप से तस्दीक एवं विश्वास होने पर ही सामग्री का विक्रय करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुराग झा, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर, एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, एसीसीयू से निरीक्षक संतोष मिश्रा, निरीक्षक प्रभारी जिला विशेष शाखा श्रीमती मोनिका पाण्डेय, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, थाना प्रभारी खुर्सीपार निरीक्षक उमेन्द्र टण्डन के अतिरिक्त एसीसीयू के बीट प्रभारी उपस्थित थे तेजधार हथियार से चरोदा के युवक की हुई हत्या बीते रविवार को चरोदा निवासी युवक मनीष शर्मा ( 22 वर्ष ) की लाश जी केबिन से लगे पीपी यार्ड रेलवे कॉलोनी के पीछे नर्सरी में मिली थी।

एक नजर

## लालबाग पुलिस ने खेत में चोरी करने वाले को किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 14 जनवरी।** 12 जनवरी 2024 को ग्राम किरगी के सोमेश्वर दास साहू पिता भवानी राम साहू में थाना लालबाग आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके खेत में गेंहूँ की फसल को जानवरों से बचाने के लिए घेरा कर झटका मशीन लगाया था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । इस पर थाना लालबाग में अपराध दर्ज कर स्थानीय मुखबिरों से मिली सूचना पर आरोपी डामेश्वर साहू उम् 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी गई झटका मशीन को बरामद कराया, जिसे जप्त कर वैधानिक करवायी बाद आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में सउनी कुरैशी, आरक्षक रोशन सिन्हा की विशेष भूमिका रही है ।

## कलेक्टर को संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने 100 संपर्क डिवाइस किट भेंट की

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से जिला पंचायत सभाकक्ष में संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भेंट की और 100 संपर्क डिवाईस किट प्रदान किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले में राजनांदगांव जिला आगे रहा है। यहां शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। यहां के छात्र-छात्राएं पढ़ाई में अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए अच्छी सुविधाएं मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी स्कूलों को यह डिवाईस निश्शुल्क उपलब्ध कराएं। जिससे जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के पढ़ाई का स्तर बहुत अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, संपर्क फाउंडेशन के राष्ट्रीय परिचालन प्रबंधक श्री प्रदीप राणा, प्रदेश प्रमुख छत्तीसगढ़ श्री श्रीनिवास भवराजू, राज्य संचालन प्रबंधक छत्तीसगढ़ श्री मुकेश रावत, जिला समन्वयक राजनांदगांव श्री राज उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संपर्क डिवाईस के माध्यम से प्राथमिक शालाओं के बच्चों को एससीईआरटी का पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया है। डिजिटल शिक्षा के अंतर्गत 100 स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में परिवर्तित किया गया है। इस डिवाईस के माध्यम से बच्चों को स्मार्ट टीवी से रूचिकर तरीके से पढने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह डिवाईस सहायक शिक्षक की तरह कार्य कर रहा है। इसमें सभी अध्याय एवं पाठ शामिल किए गए हैं। क्लास रूम को स्मार्ट क्लास रूम में रूपान्तरित करने के लिए यह डिजाईन किया गया है। जिले में बच्चे डिजिटल शिक्षा का लाभ ले रहे हैं।

## शेष दिनों में बचे हुए सभी पात्र किसानों से धान की करें खरीदीःकलेक्टर

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के शेष दिनों में ईमानदारी और सतर्कता के साथ पात्र किसानों की धान खरीदी, धान का उठाव और चावल जमा करने के संबंध में समिति प्रबंधकों और मिलर्स की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शेष दिनों में बचे हुए पात्र किसानों के धान की खरीदी करना है। धान खरीदी के बचे हुए शेष दिनों में सभी पात्र किसानों का ही धान खरीदा जाए। अवैध धान की शिकायत मिलने और जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिन किसानों से पात्रतानुसार धान खरीदी किया गया है उनका रकबा समर्पण करने के निर्देश दिए। जिले में फसल कटाई प्रयोग किया गया है। जिसके औसत के आधार पर धान खरीदी किया जाए। इससे अधिक खरीदी होने पर संबंधित समिति प्रबंधक की जवाबदारी होगी। जिसके लिए उन्हें नोटिस भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के रकबे में वास्तविक धान उत्पादन की ही खरीदी करें। इससे अधिक धान की खरीदी करने पर समिति प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समिति प्रबंधकों से रकबा समर्पण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन किसानों द्वारा सोसायटी में धान बेचा गया है उनका रकबा समर्पण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समितिवार धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित है इससे अधिक की धान खरीदी नहीं होनी चाहिए। इस कार्य को पूर्ण ईमानदारी से करें और दो दिन अभियान चलाकर रकबा समर्पण करें। उन्होंने पारदर्शितापूर्वक धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## महापौर ने दी मकर संक्राति, लोहड़ी व पोगल पर्व की बधाई

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मकर संक्राति, लोहड़ी व पोगल पर्व की नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों के जीवन में समृद्धि व खुशहाली की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि मकर संक्राति का पर्व इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाता है। यह पर्व दान,स्नान और यज्ञ का पर्व है और तिल-गुड़ के प्रसाद का विधान है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व ॠतु परिवर्तन के साथ नई फसल आने की खुशी के साथ शुरू होने वाले इस पर्व में किसान-धरती और ईश्वर के प्रति अच्छी फसल के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते है। वेसे ही दक्षिण भारतीयों के लिए पोंगल पर्व का विशेष महत्व है और धान की नई फसल आने की खुशी के साथ शुरू होने वाले तीन दिवसीय इस पर्व में किसान-धरती,पशु और ईश्वर के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यादव, आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह,संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा,श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी,श्रीमती बैना बाई टुराहटे,राजेश गुप्ता चम्पू,अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ॠषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा, पार्षदो ने भी नागरिकों को मकर संक्राति, लोहड़ी व पोगल पर्व पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उमंग व उल्लास से पर्व मनाने की अपील की है।

# 2047 तक भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाःमुख्यमंत्री




**रायपुर 14 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आईसीएआई द्वारा आयोजित ''अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन फाइनेंशियल रिपोर्टिंग'' कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने फाइनेंशियल रिपोर्टिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वित्तीय, गैर वित्तीय, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र की संस्थाओं तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि 2047 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करने में सभी वित्तीय, गैर वित्तीय, उद्योग और सेवा प्रदाता कंपनियों की बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और सभी के सहयोग से निश्चित ही हम अपने वित्तीय लक्ष्यों को तय समय में प्राप्त करने में सफल होंगे। श्री साय ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट की वित्तीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जितना बेहतर वित्तीय प्रबंधन होगा, वह संस्था उतनी ही गति से विकास करेगी। इसे समग्रता में देखें तो बेहतर वित्तीय प्रबंधन देश को भी आर्थिक रूप से मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी आने के बाद चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका बढ़ी है और उनकी दक्षता का लाभ कंपनियों को मिल रहा है, जिससे वित्तीय प्रबंधन करना भी आसान हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि इस प्रकार के पारितोषिक वितरण समारोह के आयोजन से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना आती है और लोग अपने काम को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित भी होते हैं। उन्होंने आईसीएआई छत्तीसगढ़ को इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिकेत तलाटी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रंजीत अग्रवाल, रायपुर शहर अध्यक्ष श्री रवि ग्वालानी, श्री अनुज गोयल, श्री देवाशीष मित्रा सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित थे।

# गुजरात पर्यटन विभाग ने रायपुर में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया

**रायपुर 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के माननीय पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवालजी और माननीय विधायक पद्मश्री अनुज शर्माजी ने उठाया गुजराती भोजन का आनंद रायपुर, छत्तीसगढ़ में 13 जनवरी के रोज़ गुजरात सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा मैरिगोल्ड मोती महल बैंकवेट होल में गुजराती फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजनों को परोसा गया। शाम 7 बजे भव्य फ़ूड फेस्टिवल की शुरुआत हुई। पूरा बैंक्वेट हॉल गुजराती व्यंजन संस्कृति से सजाया गया था। रायपुर शहर के विभिन्न विस्तारों से पधारे अतिथियों का गुजराती परंपरा से स्वागत किया गया। माननीय पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवालजी और माननीय विधायक पद्मश्री अनुज शर्माजी एवं पूर्व विधायक श्री देवजीभाई पटेल ने कार्यक्रम में उपस्तित रह कर गुजराती भोज का लुत्फ़ उठाया। माननीय पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवालजी ने कहा की ऐसे ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम होने चाहिए जो की गुजरात और छत्तीसगढ़ की संस्कृति के आदान प्रदान का माध्यम बनेंगे। स्वादिष्ट गुजराती भोजन की स्वाद से भरपूर यात्रा गुजराती स्नैक्स शुरु हुई। मिनी हांडवो, पात्रा, खांडवी,




ढोकला, खमण, फुलवड़ी, बटाटा वड़ा, और मेथीना गोटा जैसी बहुत सी स्वादिष्ट चीजें बनी इस स्वादिष्ट यात्रा का हिस्सा। मुख्य व्यंजन में गुजरात के विभिन्न क्षेत्र के चहिते व्यंजन परोसे गये। कोबिज के सम्भारे से लेकर फुल्का रोटी और बाजरे का रोटला, प्रत्येक व्यंजन ने क्षेत्र के रसोईयों की पाक-कला को प्रस्तुत किया। सेव टमेटा नु शाक, लसणिया बटाका, रिंगण नो ओलो, वाल, मग नी लचको दाल, भरेली दुंगली नु शाक, गुजराती कढ़ी, राजवाड़ी कढ़ी, भात, वघारेलो रोटलो, कचुम्बर, पापड़, मसाला छाछ, और अचार ने सब का मन मोह लिया।

गुजरात की पारंपरिक मिठाइयों का भी महेमानो ने लुत्फ़ उठाया। चुरमे का लड्डू, लापसी, अंगूरी बासुंदी, राजभोग मठो, लौकी का हलवा और सुखड़ी जैसी मिठाइयों ने गुजरात की मिठाश को प्रस्तुत किया। गुजरती फ़ूड फेस्टिवल के दौरान बैंकवेट में सजी हुइ बड़ी स्क्रीन पर प्रसिद्ध गुजराती व्यंजनों की रेसिपी को लगातार प्रस्तुत किया गया। यह दृश्य सभी उपस्थित लोगों को गुजरात के रसोईय इतिहास के माध्यम से यात्रा कराते हुए, शाम को जीवंत और एकांतमय अनुभव प्रदान कर रहा था। रायपुर के विभिन्न अतिथियों और गुजराती समाज की ओर से गुजराती फ़ूड फेस्टिवल को सराहा गया। आमंत्रित ब्लॉगर्स भी ऐसे अनोखे आयोजन से काफी प्रभावित हुए। रायपुर शहर में बस रहे गुजराती समाज की बाहनों ने गरबा प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ में गुजराती माहौल बना दिया। संक्षेप में, गुजरात पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किए गए गुजराती फ़ूड फेस्टिवल ने गुजराती व्यंजनों की विरासत के माध्यम से एक रमणीय यात्रा प्रदान की, जिसने हर उपस्थित व्यक्ति का मन मोह लिया।

# बिना हेलमेट 46 दुपहिया वाहनचालकों पर कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक एवं यातायात टीम द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं अन्य वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 12.01.2024 को 46 बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 23000/- रूपये जुर्माना वसूल किया गया एवं अन्य धाराओं में 14 प्रकरणों में 8900/- रूपये कुल 60 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 31900/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। मॉडिफाई सायलेंसर में 01 बुलेट पर कार्यवाही कर 5000/- समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही वर्ष 2023 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 359 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन हेतु भेजा गया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें एवं सुरक्षित रहें।



# मुस्लिम समाज में फिजूल-खर्ची पर लगी पाबंदी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** मुस्लिम समाज में फैली बुराइयों को रोकने व दूर करने के लिए राजनांदगांव शहर के सभी ईदारो के मुतवलिल्यांन/अध्यक्ष सभी मस्जिदों के ईमाम साहब और शहर की कमेटियों के ज्यादातर सदर व शहर के जिम्मेदार लोगो ने नेक पहल की है, एक एक घर सुधरेगा तो देश में सुधार होगा की तर्ज पर अपने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने ,समाज को सुधारने का बेहतरीन तरीक़ा अमल में लाया है।

समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफ़ज़ल अली ने जानकारी देते हुऐ बताया कि सभी कमेटियो के ईस महत्वपूर्ण फैसले का पुरे प्रदेश में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग ईस सराहनीय कदम का स्वागत कर रहे है, मुस्लिम समाज में फैली बुराइयां व दोषपूर्ण व्यवस्था सामाजिक व दिनी रिवाज परम्पराएं कौम के विकास में रूकावटें पैदा कर रही हैं। वही कौम को तालीम व तरक्की के रास्ते पर लाना निहायत ही ज़रूरी हो गया है।

इसी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए शहर की सभी मस्जिदों, दरगाहों व कब्रिस्तान कमेटियों के मुतवल्लीयान, सदर साहिबान व सभी मस्जिदों के ईमाम व हाफिज की मौजूदगी में तारीख 10 जनवरी 2024 को एक मिटिंग जामा मस्जिद में रखी गई थी जिसमें सभी पहलुओं पर गौरो फिक कर एक राय से यह तय किया की दरगाहों में होने वाले उर्स, कव्वाली मुकाबला, समा महफील, शहर से निकलने वाले संदल, चादर, जुलुस, ताजिए और शादियों में डी.जे., आतिशबाजी, बाजा, मटका पार्टी आदि को फिजूल खर्च व गैर-शरई काम करार देते हुए खत्म करना मुनासिब है, इसमें खर्च होने वाली रकम से वक्त की सबसे बड़ी जरूरत - अस्पताल व स्कूल, कॉलेज जैसे संस्थाएं बनायी जा सकती है।

# पुलिस ने घर के अंदर घुसकर चोरी करने वालों को किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** 4 जनवरी को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के कौरिनभाठा स्थित निवास स्थान पर कोई अज्ञात चोर रात्रि मे इसके घर पर एलईडी टीवी, दुल्लु मोटर पंप व अन्य सामान को चोरी कर लेकर चले गये है। मामले में प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 03/24 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामले मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग (भापुसे) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अज्ञात चोर को पकड़ने हेतु आदेशित किया गया था। विवेचना दौरान संदेही दिलीप



लहरे पिता बसंत लहरे उम्र 20 वर्ष निवासी कौरिनभाठा सतनामी पारा वार्ड नम्बर 44 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव तथा आलोक बंजारे पिता सुरेश बंजारे 19 वर्ष निवासी कौरिनमाठा सतनामी पारा वार्ड नम्बर 44 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, पूछताछ करने पर दोनो आरोपियों ने दिनांक घटना को जुर्म घटित करना स्वीकार किया, तथा दोनो आरोपीगणो के कब्जे से चोरी किया गया एलईडी टीवी तथा दुल्लू मोटर पंप को आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया, तथा आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया, जहाँ न्यायालय द्वारा आरोपीगणो को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर, आरक्षक विभाष राजपूत, प्रवीण मेश्राम, कमल किशोर यादव तथा देवेन्द्र पाल का सराहनीय योगदान रहा।

समाचार संक्षेप

## पुलिस ने शहर के कई इलाकों में पैदल गश्त कर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** 13 जनवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय अमित पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू प व बसंतपुर थाना प्रभारी विजय मिश्रा के साथ पुलिस बल द्वारा पैदल पेट्रोलिंग कर राजनांदगांव शहर के भीतरी एवं भीड़भाड़ वाले इलाके बाजार एरिया प्रमुख मार्गो में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया गया तथा सुनसान क्षेत्र में असमाजिक तत्वों पर नजर रखा गया।



## छत्तीसगढ़ लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष बने अमित छाबड़ा

**डोंगरगढ़ 14 जनवरी।** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र संघ व लोकतंत्र प्रहरी की आगामी वर्षों में संगठणात्मक गतिविधियों में तेजी आवे इस दृष्टि से प्रदेश स्तरिय संग़ठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी की सहमति से *अमित छाबड़ा को छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रहरी के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया लोगो ने अमित छाबड़ा के प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष जताया सोशल मिडिया बधाई संदेश का लगा ताता अमित छाबड़ा नगर पालिका के 2009 से लगातार पार्षद के पद पर विजयी हो चुके है वर्तमान नगर पालिका डोंगरगढ नेताप्रतिपक्ष के पद की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी ने अमित छाबड़ा के कंधों पर दे रखी हैं इसी तरह राजनांदगांव जिला योजना समिति के निर्वाचित सदस्य, भाजपा प्रदेश नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रभार, डोंगरगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2009 से लगातार जीवनदीप समिति के सदस्य है लगातार विभिन्न पदों पर जिमेदारी अमित छाबड़ा निभा रहे हैं लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष पद की नियुक्ति पर लोकतंत्र सेनानी जिलाध्यक्ष कुलवंत कक्कड़, वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता चीकू जैन महेंद्र अग्रवाल, भाजपा मंडल महामंत्री संतु राव, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़, भाजपा नेता विजेंद्र ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, कमलेश काले, भाजयुमो जिला मंत्री अखिलेश गढ़वाल, मनीष चक्रवर्ती, विक्की भाटिया गगन लरोकर , नगरपालिका के समस्त भाजपा पार्षद , भाजपा पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवम वरिष्ठ भाजपा नेताओं ईस्ट मित्रों ने बधाई दी।



## हनुमान की वानर सेना संग अक्षत वितरण कर राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दिया निमंत्रण



**डोंगरगढ़ 14 जनवरी।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने जा रहा है जिसको लेकर देश के कोने कोने में रामभक्तो की टोलियों के द्वारा प्रभु राम का जसगांन करते अक्षत निमन्त्रण दे पर्व को भक्तिभाव सहित धूमधाम से मनाएं जाने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड क्रमांक 08 बधियाटोला में हनुमान जी व उनकी वानर दल के साथ पार्षद अलका जयेश सहारे, हनुमान सेवा समिति व विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के द्वारा ढोलक मंजीरा रामधुनि गाते हुए वार्ड के घरों में जाकर अक्षत निमन्त्रण दिया गया। इस अवसर पर श्रीमति अलका जयेश सहारे, विनित यादव, विनोद गुप्ता, हनि गुप्ता, युवराज सेन, अचला सिंह ठाकुर, प्रीति तराने, तिजन सिन्हा, मंजुलता सिन्हा, लालजी उपाध्याय, राजू चंद्रिकापुरे, सोनू श्यामकर सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जनवरी।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा आज दोपहर शंकरपुर पहुची, जहॉ शिविर के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभाग की स्टाल लगायी गयी। शिविर का शुभारंभ राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री संतोष पाण्डे ने फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर किया। शुभारंभ पश्चात सांसद श्री पाण्डे सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियो से रूबरू हो केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की, उन्होंने अपना हैल्थ चेकअप भी कराया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लगभग 180 वेन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गैरंटी वाली चल रही है, कल तक ग्रामीण क्षेत्रों में वेन के माध्यम से केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी और से शहर में आज से वेन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे देश यशस्वी प्रधानमंत्री जी मोदी जी देश को विकसित राष्ट्र बनाने तथा संवारने का कार्य कर रहे है। उनकी सोच है की शहर सहित ग्रामीण व्यवस्था सुदृण हो। आज वेन एवं शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, आवास योजना, स्व निधि योजना का लाभ देने के अलावा राशन कार्ड, श्रम कार्ड बनाने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी है। उन्होंने कहा कि सभी बढ़ चढकर शिविर का लाभ उठावे। शंकरपुर में आयोजित शिविर में छ.ग. वेयर हाउस कार्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, वार्ड के पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, पूर्व पार्षद श्री दीपक चौहान सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

सांसद सहित अतिथियों का निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त श्री मोबिन अली व अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों ने मोबाईल वेन का फिता काटकर शुभारंभ किया। सांसद श्री पाण्डे ने उपस्थितजनों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, भारत की एकता को सुदृण करने तथा देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने का संकल्प दिलाया।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कालेज एनएसएस का ढारा में आयोजन

# नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 14 जनवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई. व्ही.रेवती के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी हेमुराम पद्मे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के मार्गदर्शन में 7 दिवसीय शिविर ग्राम ढारा में 12 जनवरी से प्रारंभ हुआ। शिविर का शीर्षक नशामुक्त समाज के लिए युवा है। शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ढारा के सरपंच राजेंद्र जंघेल, विशिष्ट अतिथि भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार



मेश्राम, ढारा स्कूल के प्राचार्य विजय भारद्वाज, प्रधानपाठिका श्रीमती चंद्रावती यादव, श्रीमती बिमला राजेकर, पंच प्रमुख सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र जंघेल द्वारा छात्र जीवन के विषय में चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के प्राथमिक उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को शुरू किया गया है। एनएसएस का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' है। एनएसएस की वैचारिक उन्मुखता महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। वहीं शिक्षा के साथ समाज के सुधार में हमारे युवा पीढ़ी का बड़ा योगदान है हमारे युवाओं के द्वारा गांव गांव जाकर कैंप लगाकर लोगों को अनेकों तरीको से जागरूक करते हैं। हमे पढ़ाई लिखाई के साथ साथ जीवन जीने की कला भी आना चाहिए ये सब हम छात्र जीवन से ही सिखते है ,कैसे हमें रहन सहन करना चाहिए कैसे हमें अनुशासित हो कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए सिखाया जाता है जो व्यक्ति अनुशासन, नियमों का पालन कर लिया वो कभी असफल नहीं हो सकता है। छात्र जीवन के साथ साथ हमें सामाजिक स्तर पर जीने के तरीके एनएसएस के माध्यम से एक अनुशासित तरीके से बताया जाता है।

# पंजाबी बॉलीवुड सितारों को एकता और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है लोहड़ी

जैसे ही लोहड़ी का जीवंत त्योहार है, पंजाबी मूल के बॉलीवुड सितारे अपनी सांस्कृतिक जड़ों को अपनाने और फसल उत्सव को जोश और उत्साह के साथ मनाने के लिए तैयार हैं। यह खुशी का अवसर न केवल मौज-मस्ती का समय है, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री का एक प्रमाण भी है जो इन अभिनेताओं को उनकी पंजाबी विरासत से बांधता है।

**विक्की कौशलः** प्रतिभाशाली अभिनेता विक्की कौशल, जिनका जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ, उनकी पंजाबी जड़ें मजबूत हैं। लोहड़ी में वह उत्सव में शामिल हो सकते हैं, शायद सोशल मीडिया पर अपने उत्सव की झलकियां भी साझा कर सकते हैं।

**आयुष्मान खुरानाः** अपनी विशिष्ट भूमिकाओं और भावपूर्ण अभिनय के लिए जाने जाने वाले, चंडीगढ़ के मूल निवासी आयुष्मान खुराना, त्योहार का सम्मान करने के लिए, लोहड़ी को हार्दिक तरीके से मना सकते हैं।

**राधिका मदानः** एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री जो अंग्रेजी मीडियम, सास बहू और फ्लेमिंगो और कई अन्य परियोजनाओं जैसी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, राधिका मदान का पंजाब के हृदय स्थल से संबंध है। लोहड़ी उसे अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ फिर से जुड़ने का एक क्षण प्रदान करती है।

**अर्जुन कपूरः** पंजाब में जड़ें रखने वाले करिश्माई अर्जुन कपूर के लोहड़ी उत्सव में शामिल होने की संभावना है। यह त्यौहार उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने और प्रियजनों के साथ जश्न मनाने का मौका देता है।

**राशि खन्नाः** पंजाब से जुड़ी खूबसूरत राशि खन्ना पारंपरिक तरीके से लोहड़ी मनाना पसंद करती हैं। यह त्यौहार उनके दिल में एक विशेष स्थान रखता है, जो उनकी सांस्कृतिक परवरिश की झलक प्रदान करता है।

**सिद्धार्थ मल्होत्राः** दिल्ली में जन्मे सिद्धार्थ मल्होत्रा पूरी तरह से पंजाबी मुंडा हैं जो अपने परिवार के साथ लोहड़ी मनाना पसंद करते हैं। अभिनेता, अपनी आकर्षक उपस्थिति के साथ, अपने उत्सव समारोहों की झलकियाँ प्रदर्शित कर सकते हैं।

**कृति खरबंदाः** दिल्ली में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मी कृति लोहड़ी समारोह के उत्साह से अनजान नहीं हैं। चूँकि त्यौहार यहाँ है, वह परिवार और परंपरा की गर्मजोशी का आनंद लेने के लिए इस अवसर का लाभ उठा सकती है।

**सान्या मल्होत्राः** दंगल और बधाई हो जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली सान्या मल्होत्रा की दिल्ली की जड़ें उनके समारोहों में एक पंजाबी स्पर्श लाती हैं। उनके लिए लोहड़ी पारिवारिक और सांस्कृतिक परंपराओं की गर्माहट है।

**पुलकित सम्राटः** दिल्ली के रहने वाले पुलकित सम्राट ने अपने करिश्माई अभिनय से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई है। इस लोहड़ी पर हमारे 'हनी' के अपनी पंजाबी पृष्ठभूमि का सम्मान करते हुए पारंपरिक उत्साह के साथ उत्सव में शामिल होने की संभावना है।

**मनीष पॉलः** बहुमुखी अभिनेता, जो अपनी संक्रामक ऊर्जा के लिए जाने जाते हैं, निश्चित रूप से लोहड़ी समारोह को अपने ट्रेडमार्क उत्साह से भर देंगे। उत्सवों में भाग लेते समय मनीष पॉल की पंजाबी जड़ें हमेशा प्रदर्शित होती हैं।

**पश्मीना रोशनः** प्रसिद्ध रोशन परिवार की सदस्य, पश्मीना रोशन, अपने पंजाबी वंश के साथ, लोहड़ी समारोह में भाग ले सकती हैं। यह त्योहार उसे अपनी जड़ों से जुड़ने और उत्सव का आनंद लेने का मौका दे सकता है।

**रकुल प्रीत सिंहः** दिल्ली की रहने वाली रकुल प्रीत सिंह के लोहड़ी उत्सव को उत्साह के साथ मनाने की संभावना है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए मशहूर अभिनेत्री अपने जश्न की झलकियां प्रशंसकों के साथ साझा कर सकती हैं।

**सनी सिंहः** मुंबई में जन्मे और पले-बढ़े सनी सिंह की जड़ें पंजाबी हैं जो लोहड़ी समारोह के दौरान चमकने के लिए बाध्य हैं। अपनी हास्य शैली के लिए मशहूर अभिनेता उत्सव में हास्य का तड़का लगा सकते हैं।

**सोनम बाजवाः** पंजाबी सिनेमा का एक लोकप्रिय



चेहरा सोनम बाजवा का लोहड़ी से गहरा नाता है। चूंकि त्यौहार यहाँ है, वह पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग ले सकती हैं, जिसमें परंपरा के साथ ग्लैमर का मिश्रण होगा।


## एक्शन थ्रिलर के लिए तैयार हैं राज कुंद्रा

हमें बताया गया है कि राज कुंद्रा, जो यूटी69 में अपनी शानदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, ने एक प्रतिष्ठित निर्देशक और अनुभवी निर्माता के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए एक नई सिनेमाई साहसिक फिल्म के लिए हामी भर दी है। इस बार, नवोदित अभिनेता आगामी एक्शन से भरपूर थ्रिलर में अपनी प्रतिभा का एक अलग पहलू उजागर करने के लिए तैयार हैं। अपने पहले प्रदर्शन के लिए प्रशंसा अर्जित करने के बाद, अपनी बायोपिक में कुंद्रा की अभिनय कुशलता ने दर्शकों और आलोचकों दोनों से प्रशंसा प्राप्त की। अंदरूनी सूत्रों से पता चलता है कि सहयोग में एक हाई-प्रोफ़ाइल निर्देशक और एक अनुभवी निर्माता शामिल हैं, जो महत्वपूर्ण परिमाण के साथ एक परियोजना की शुरुआत का संकेत देते हैं। जबकि इस रोमांचक उद्यम के विवरण का बेसब्री से इंतज़ार है, हम अन्य प्रसिद्ध अभिनेताओं की भागीदारी के बारे में सुनते हैं, जिससे फिल्म को लेकर प्रत्याशा बढ़ जाती है।



## ऋतिक रोशन के टाइटल ट्रैक जो हमारे साथ बने रहे

**कहो ना... प्यार है - कहो ना... प्यार है:** उनकी पहली फिल्म के टाइटल ट्रैक ने न केवल ऋतिक को स्टारडम दिलाया बल्कि पूरी पीढ़ी के लिए प्यार का गीत बन गया। गाने की भावपूर्ण धुन, ऋतिक के करिश्माई नृत्य के साथ मिलकर, इसे तुरंत हिट और एक कालातीत क्लासिक बना दिया।



**धूम अगेन - धूम 2:** धूम फ्रेंचाइजी में रितिक की एंट्री न सिर्फ स्टाइल लेकर आई बल्कि एक नए जमाने का बेहतरीन डांस एंथम धूम अगेन भी लेकर आई। हाई-एनर्जी बीट्स और ऋतिक के स्लीक डांस मूव्स के साथ उनकी शानदार स्टाइल ने इस गाने को तुरंत चार्टबस्टर में बदल दिया, जिसने भारत के संगीत परिदृश्य पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी।

**बैंग बैंग! :** एक्शन से भरपूर फिल्म बैंग बैंग! विद्युतीकरण शीर्षक ट्रैक बैंग बैंग प्रदर्शित किया गया। ऋतिक के सबसे जटिल हुकस्टेप के रूप में जाना जाने वाला, बैंग बैंग टाइटल ट्रैक अपने थिरकाने वाले संगीत और विद्युतीकरण ऊर्जा के लिए मनाया जाता है। इसे ऋतिक और कैटरीना के बीच लुभावने तालमेल के लिए भी सराहा जाता है, जो दोनों ही उत्कृष्ट नर्तक माने जाते हैं।

## ऋतिक रोशन का जन्मदिन मनाया गया

जैसा कि सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने कल अपना 50वां जन्मदिन मनाया, अभिनेता के प्रशंसकों ने पूरे देश में अनोखे तरीकों से खुशी का जश्न मनाया, जिसमें भोजन दान अभियान और वृक्षारोपण से लेकर मनोरंजक कार्यक्रम शामिल थे। मुंबई, कोलकाता, बिहार, अहमदाबाद, विजाग, चेन्नई, हैदराबाद



जैसे देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की भागीदारी सुपरस्टार की अखिल भारतीय अपील का प्रमाण प्रदान करती है। अद्वितीय और प्रयोगात्मक भूमिकाओं में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए प्रशंसित, भारत के ग्रीक भगवान को नृत्य के भगवान के रूप में भी जाना जाता है, जिन्होंने अपने करियर के 24 वर्षों में देश के हर कोने में एक बड़ा प्रशंसक आधार बनाया है। अपनी पहली फिल्म कहो ना... प्यार है से ही दर्शकों के बीच प्रशंसकों का उत्साह पैदा करते हुए, सुपरस्टार ने एक अभूतपूर्व घटना पेश की, जिसे केवल ऋतिक मेनिया ही कहा जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में अभिनेता पर उनके प्रशंसकों द्वारा बरसाए गए प्रचुर प्यार के विभिन्न उदाहरण पेश करते हुए, ऋतिक रोशन ने अपने प्रशंसकों से कई दिल छू लेने वाले इशारे देखे हैं। इस सूची को जोड़ते हुए, इस वर्ष, उनके प्रशंसकों ने अपने प्रिय सुपरस्टार के 50 वें जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए विभिन्न महान कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

## ताहा शाह ने थ्रोबैक तस्वीरें साझा कीं

राष्ट्रीय युवा दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है जो दुनिया भर के युवाओं की जीवंत ऊर्जा, क्षमता और उत्साह का सम्मान करता है। 12 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। इस उत्सव की भावना में, अभिनेता ताहा शाह बदुशा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक कैप्शन साझा किया जो इस दिन के सार को दर्शाता है। वह अपनी लव का द एंड की सह-कलाकार श्रद्धा



कपूर के साथ बीटीएस तस्वीरें साझा करके पुरानी यादों की राह पर चलते हैं। उनका कैप्शन इस प्रकार हैः इस युवा दिवस/राष्ट्रीय युवा दिवस पर विचार करते हुए, मैं उन परिवर्तनकारी यादों को याद करता हूं जिन्होंने संयुक्त अरब अमीरात में मेरे शुरुआती दिनों से लेकर अब जहां तक मैं हूं, मेरे करियर को आकार दिया। लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास, पसीना और आंसुओं पर अक्सर कई लोगों का ध्यान नहीं जाता, न केवल मेरे लिए, बल्कि हममें से प्रत्येक के लिए जो कुछ छाप छोड़ने, प्रयास करने और कुछ हासिल करने की कोशिश करते हैं, लेकिन आप देखते हैं, यही सुंदरता है चुपचाप कड़ी मेहनत करना। ऑडिशन और कौशल वृद्धि से लेकर अनगिनत घंटों के प्रशिक्षण और नेटवर्किंग तक, लव का द एंड में लव नंदा से लेकर मेरे वर्तमान स्वरूप तक का रास्ता चुनौतियों से भरा रहा है। यह आसान नहीं था, लेकिन विश्वास, कड़ी मेहनत और अटूट दृढ़ संकल्प के साथ, मैंने अपनी सूची में से कुछ को सही करने की कोशिश की है। हॉलीवुड इंडीज़ का हिस्सा बनने से लेकर मेरे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन किरदारों के साथ अचानक मुलाकात तक, यह प्रयासों का बोनस और आशीर्वाद रहा है। समर्थन के लिए आभारी हूं, विशेष रूप से मेरी सुपर मां से, मैं इन झलकियों को साझा करता हूं, यह जानते हुए कि यात्रा में और भी बहुत कुछ है जिसे पूरी तरह से हिंडोला में कैद नहीं किया जा सकता है। आप जो भी हैं, जो भी करते हैं, चलते रहें, कड़ी मेहनत करते रहें, अपना सब कुछ दें और प्रक्रिया का आनंद लें।

## क्यू टीवी लेकर आ रहा है इस सदी का सबसे बड़ा फनकार अपने नए शो में

सदी के सबसे बड़े फनकार के रूप में पारिवारिक शो 'मृदुल की दुनिया' के लॉन्च को लेकर दर्शक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। मृदुल और उसकी दुनिया में आपका स्वागत है। मृदुल के किरदार से आज हर कोई परिचित है, वह पहले ही करोड़ों लोगों का दिल जीत चुका है। यही वजह है कि क्यू टीवी- ज़रा हटके, आपके पसंदीदा किरदार को अपने चैनल पर ला रहा है। मृदुल इस शो का मुख्य किरदार है, जो अपने माता-पिता और बड़े भाई नितिन के साथ रहता है। मृदुल की माँ ही उनका घर चलाती हैं और बेहद सख्ती से परिवार की देखभाल करती है। परिवार की दिनचर्या काफी दिलचस्प है। जहाँ एक तरफ इसमें परिवार के सदस्यों का एक-दूसरे के प्रति प्यार देखने को मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ नोंक-झोंक भी देखने को मिलेगी, जिसे देखने के बाद दर्शक अपनी हँसी को चाहकर भी नहीं रोक सकेंगे और खुद को इस परिवार से जुड़ा हुआ पाएंगे। मृदुल के पिता भी अपने परिवार की देखभाल करते हैं, लेकिन जब पैसे की बात आती है, तो अचानक से उनका बेहद कंजूस वाला रूप सामने आ जाता है। यही वजह है कि मृदुल और नितिन को घर के खर्चों को कम करने के लिए तरह-तरह की योजनाएं बनानी पड़ती हैं, ताकि वे अपने लिए कुछ पॉकेट मनी बचा सकें।



कुछ ही दिनों में टेलीविज़न की शोभा बढ़ाने को तैयार इस शो का प्रीमियर 15 जनवरी, 2024 को रात 8:30 बजे होगा, जिसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार क्यू टीवी पर किया जाएगा।

## ज्योति सक्सेना को अयोध्या मंदिर महासंघ से आधिकारिक निमंत्रण मिलने की उम्मीद

22 जनवरी, 2024 को होने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, अयोध्या मंदिर के आधिकारिक लॉन्च ने देश भर के लोगों से अपार प्रत्याशा और उत्साह बढ़ाया है। भगवान राम के विशाल आगमन के बीच, अभिनेत्री ज्योति सक्सेना को अयोध्या मंदिर के शुभारंभ के भव्य उत्सव का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेत्री न केवल ऐतिहासिक अवसर के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त करती है, बल्कि इस जादुई क्षण को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए अयोध्या में उपस्थित होने की भी योजना बना रही है। ज्योति सक्सेना कहती है, 22 जनवरी हर भारतीय के लिए एक बड़ा दिन है और मैं इसका इंतजार कर रही हूं क्योंकि मैं अयोध्या मंदिर के भव्य शुभारंभ समारोह के लिए आधिकारिक निमंत्रण प्राप्त करना चाहती हूं। यह सभी के लिए एक बड़ी जीत है। सनातन धर्म के लोग जिन्होंने इस क्षण के लिए इतने लंबे समय तक धैर्यपूर्वक संघर्ष किया है। भारत के लिए इस महान उपलब्धि के साथ, मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि वर्ष 2024 की शुरुआत सकारात्मकता और राम जी के आशीर्वाद के साथ हो रही है।'' ज्योति सक्सेना आगे कहती हैं, यह सभी भारतीयों के लिए एक यादगार दिवस है, और मैं 22 जनवरी को इस पल को देखने के लिए इंतज़ार नहीं कर सकती। यह एक ऐसा क्षण होगा जहां हर भारतीय के आंखों में खुशी और गर्व के आंसू होंगे। ज्योति भी अपने परिवार के साथ अयोध्या जाने और इस जादुई पल को देखने की योजना बना रही है, अभिनेत्री कहती है, मैं इस विशाल पल को अपनी आंखों से देखना चाहती हूं।



## 'इक्कीस' सेट पर अगस्त्य नंदा की धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत से मुलाकात

द आर्चीज़ के साथ एक उल्लेखनीय शुरुआत के बाद, अगस्त्य नंदा श्रीराम राघवन की आगामी परियोजना, इक्कीस में एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं, जो सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता अरुण खेत्रपाल पर एक मार्मिक बायोपिक है। फिल्म कंपैनियन के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, अगस्त्य ने बॉलीवुड के दिग्गज धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन साझा करने के अवसर के लिए अपना उत्साह और आभार व्यक्त किया। अनुभव पर युवा अभिनेता की स्पष्ट राय 'इक्कीस' सेट पर व्याप्त सौहार्द और गर्मजोशी पर प्रकाश डालती है। वे बहुत वरिष्ठ हैं, खासकर जब आप धरम जी के सामने हों, और आप उनके साथ बातचीत कर रहे हों, यह एक अद्भुत क्षण है, लेकिन मुझे बहुत कुछ सीखने की उम्मीद है। वे बहुत महान अभिनेता और महान लोग हैं। उन्होंने मेरा स्वागत किया इतनी गर्मजोशी से,'' अगस्त्य ने बातचीत में साझा किया। जयदीप अहलावत के लुक टेस्ट के एक पल को याद करते हुए, अगस्त्य ने अनुभवी अभिनेता से महसूस की गई वास्तविक गर्मजोशी व्यक्त की। मुझे याद है कि मैं जयदीप सर के लुक टेस्ट के लिए गया था, और वह बहुत गर्मजोशी से भरे थे, और वह बस इसके लिए उत्सुक थे। इसलिए, मुझे लगता है कि सेट पर पहले से ही गर्मजोशी का माहौल है। मैं निश्चित रूप से सेट पर जाऊंगा और सब कुछ होते हुए देखूंगा , उसने जोड़ा। अगस्त्य, अरुण खेत्रपाल के स्थान पर कदम रखते हुए, इस सम्मोहक परियोजना के लिए श्रीराम राघवन के साथ सहयोग करते समय घबराहट और उत्साह के मिश्रण को स्वीकार करते हैं।




# कलाकारों के लोहड़ी पर विचार

जबकि माहौल में सर्दियों की ठंड हवा में छा गई है, लोहड़ी का आगमन उत्साह, गर्मजोशी और सांस्कृतिक समृद्धि के उत्सव का प्रतीक बन गया है। रीति-रिवाज़ों और परंपराओं में गहराई से निहित त्योहार, लोहड़ी सर्दियों के मौसम की समाप्ति का प्रतीक होने के साथ ही, नई शुरुआत और प्रचुर फसल का वादा भी करता है। इस लोहड़ी पर, सोनी सब के कलाकारों ने उत्सव पर विचार व्यक्त किए, और इस खुशी के अवसर पर अपने हार्दिक विचार साझा कर रहे हैं।

**ईशान धवन ने कहा,** मेरे लिए लोहड़ी परंपराओं, उत्साह और पारिवारिक बंधनों का उत्सव है। एक पंजाबी परिवार में पले-बढ़े होने के कारण, यह त्योहार मेरी बचपन की यादों में रचा बसा है। अलाव, ढोल की तेज़ थाप, और स्वादिष्ट व्यंजन माहौल में खुशी और एकजुटता की भावना भर देते हैं। सभी को प्यार और हंसी से भरी लोहड़ी की शुभकामनाएं।

**समर वरमानी ने कहा,** पंजाब की धड़कन मानी जानी वाली लोहड़ी के अलाव की गर्माहट, हवा में ठंडक, और खुशी के जश्न की याद आ रही है। उत्साहपूर्ण अलाव से लेकर मूंगफलिया, रेवड़िया और गज़क के स्वाद तक, हर पल मेरे दिल में अंकित है। लोहड़ी, परिवार, सर्दियों और शुद्ध खुशियों का त्योहार - हमेशा बहुत याद आता है। त्योहारों के दौरान घर की याद बहुत सताती है। चाहे दिवाली हो, होली हो या लोहड़ी, घर से दूर रहना ऐसा एहसास है जैसे दिल का कोई



टुकड़ा खो गया हो। लोहड़ी, विशेष रूप से अपने पंजाबी आकर्षण के साथ, परिवार और परंपरा के उत्साह को प्रतिबिंबित करती है। बड़ा होने के साथ ही ज़िम्मेदारियां भी आती हैं, लेकिन उन यादगार पलों की चाहत बनी रहती है। पुरानी यादें, प्यार और घर का जादू हमेशा याद आता है।

**पुनीत इस्सर ने कहा,** मूंगफली की सुगंध और गुड़ की मिठास, सरसों के साग के साथ मक्के की रोटी - आपको दिल की खुशी और अपने प्रियजनों के प्यार की शुभकामनाएं। सभी देशवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं!

**गुरदीप पुंज ने कहा,** लोहड़ी नए साल की शुरुआत का प्रतीक है और भले ही मैं अभी पंजाब से दूर हूं, लेकिन पंजाबी और सिख लोग इस उत्सव का जश्न मनाने के लिए मुंबई भर में विभिन्न स्थानों पर इकट्ठा होते हैं। मैं दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए लोखंडवाला क्लब जाती हूं, और अब यह त्योहार मेरे लिए परिवार के साथ समय बिताने के बराबर हो गया है। लोहड़ी का सार प्रियजनों के साथ इन यादगार पलों को बिताने में निहित है, जहां हम सभी साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हैं और उत्साहपूर्ण डांस करते हैं, जिससे मुंबई के बीचोंबीच एक अविस्मरणीय माहौल बन जाता है।

# कलाकारों ने इस मकर संक्रांति पर पहली बार पतंग उड़ाने के अपने अनुभव बताए

मकर संक्रांति को पतंगों का त्यौहार भी कहा जाता है, जिसे पूरे भारत में बड़े ही आनंद से मनाया जाता है। त्यौहार के उत्साह में लोग पतंग उड़ाते हैं और यह बसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक होता है। इस शुभ अवसर पर एण्डटीवी के कलाकार पहली बार पतंग उड़ाने के अपने यादगार अनुभव बता रहे हैं। ये कलाकार हैं व्योम ठक्कर (नन्हें अटल, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। एण्डटीवी के शो अटल में नन्हें अटल की भूमिका निभा रहे व्योम ठक्कर ने कहा, ''गुजराती होने के नाते हम मकर संक्रांति को उत्तरायण कहते हैं और इस त्यौहार को बड़े उत्साह से मनाते हैं। इस मौके पर हमारा पूरा परिवार घर पर इकट्ठा हो जाता है। हम त्यौहार की शुरुआत प्रार्थना से करते हैं और फिर पतंग उड़ाने की परंपरा के लिये छत पर पहुँच जाते हैं। यह हमारी पसंदीदा परंपरा बन चुकी है। मुझे पतंग उड़ाने का अपना पहला अनुभव खूब याद आता है। शुरुआत में, मैं आसमान में कई पतंगें उड़ती देखकर थोड़ा नर्वस हो गया था और मुझे मांझा पकड़ना भी नहीं आता था। तब मेरे पिताजी हीरो बनकर आए और उन्होंने सावधानी से मांझा बढ़ाने की कला मुझे सिखाई। उन्होंने सिखाया कि एक भाग को एक हाथ में पकड़ना चाहिये और दूसरा हाथ थोड़ा नीचे रखना चाहिये, ताकि पतंग को हवा में



जाने के बाद ताना जा सके। शुरुआती कोशिशों में कई बार असफल होने के बावजूद मैंने हार नहीं मानी। सफलता हासिल करने के लिए मैं बार-बार कोशिश करता रहा। धीरे-धीरे, लेकिन मेरी पतंग अच्छी तरह उड़ने लगी। मेरे साथ मेरे पिताजी ने भी बहुत ही अच्छे से मांझा पकड़ा था। अपनी पतंग को आसमान में ऊँचा उड़ते देखने की खुशी असीमित थी। बीते सालों में मैंने पतंग उड़ाने के अपने हुनर को इतना अच्छा बना लिया है कि मैं आत्मविश्वास से खुद को उस्ताद कह सकता हूँ। 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश सिंह की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''उत्तर प्रदेश में सिर्फ मकर संक्रांति का मौसम देखकर पतंग नहीं उड़ाई जाती है, बल्कि यह पूरे साल चलता है। पूरे साल पतंगों की प्यारी रंगत से आसमान निखरा हुआ रहता है।

# पसंदीदा कपड़ों और एसेसरीज का अपसाइकिल कर फैशन को दें एक नया अंदाज!

बॉलीवुड एक्टर आलिया भट्ट ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023 में अपनी शादी की साड़ी को दोबारा पहनकर काफी सुर्खियां बटोरी थीं। यह सस्टेनेबल फैशन और स्टाइल के प्रति उनके समर्पण का एक शानदार उदाहरण था। उनके इस फैसले ने सस्टेनेबल फैशन को लेकर एक चर्चा छेड़ दी और कई लोगों को अपने कपड़ों को दोबारा इस्तेमाल करने एवं अपसाइकलिंग की अहयिमत के बारे में फिर से सोचने के लिये प्रेरित किया। इसी भावना का प्रतिनिधित्व करते हुये एण्डटीवी की महिला कलाकार भी रोजाना इस्तेमाल होने वाली चीजों की अपसाइक्लिंग के परिवर्तनकारी प्रभाव और उनमें मौजूद खूबसूरती पर जोर दे रही हैं। आलिया भट्ट का अपनी शादी की साड़ी को फिर से इस्तेमाल करना और टीवी की महिला कलाकारों द्वारा पुराने कपड़ों को नया रूप देना, फैशन और मनोरंजन की दुनिया में पर्यावरण के अनुकूल आदतों को अपनाने के फायदों को दिखाता है। इन कलाकारों में शामिल हैं नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। एण्डटीवी के शो 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार अदा कर रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''हम सभी लगभग एक ही जैसी स्थिति का सामना करते हैं, जहां हमारी वार्डरोब में कपड़ों की भरमार होने के बावजूद हमें ऐसा लगता है कि हमारे पास पहनने के लिये कुछ है ही नहीं। ऐसे में हममें से अधिकांश लोगों के मन में सबसे पहला ख्याल आता है बाजार जाकर नये कपड़े खरीद लाना। हालांकि, समझदारी से की गई खरीदारी फायदेमंद होती है, लेकिन वास्तव में पर्यावरण के लिये सबसे अच्छा काम तो यही होता है कि आपके पास जो चीजें हैं, उन्हें ही फिर से इस्तेमाल करें। मैं इस जाल



में नहीं फंसती हूं। मैं अपने कपड़ों का बार-बार इस्तेमाल करती हूं, नये कपड़े खरीदने से बचती हूं और अलग-अलग अवसरों के लिये पुराने कपड़ों को मिक्स एंड मैच करके पहनना पसंद करती हूं। दुकानों के चक्कर लगाने और ऑनलाइन ब्राउज करने के बजाय, मैं अपनी अलमारी और कभी-कभी अपनी मां की पुरानी साड़ियों से कुछ अलग और खास आउटफिट तैयार करती हूं। मैं अपने कपड़ों को नये तरीके से और दोबारा इस्तेमाल करती हूं; जैसे कि एक बार मैंने अपनी मां की पुरानी साड़ी को आधा-आधा काटकर दो मॉडर्न आउटफिट तैयार किये थे। वे आउटफिट सिर्फ शानदार ही नहीं थे, बल्कि काफी कम्फर्टेबल भी थे। मेरे हाथों का कमाल देखकर मेरी मां इतनी खुश हो गई थीं, इसके बाद उन्होंने अपनी कई साड़ियां मुझे एक्सपेरिमेंट करने और नई स्टाइल्स तैयार करने के लिये दीं। मैंने अपने पुराने डेनिम से अपने कपड़ों से मेल खाते हुये पाउचेज एवं हैंडबैग्स भी बनाये हैं। मैं अपने पुराने कपड़ों का इस्तेमाल कर सिर्फ नये फैशन के आउटफिट्स ही नहीं बनाती हूं, बल्कि अपनी एक दोस्त की मदद से मैं घर पर ही पुराने कपड़ों से परदे और कुशन्स बनाती रहती हूं। इतना ही नहीं, मैं रिसाइकलिंग को प्राथमिकता देने वाले और बेकार पड़े सामानों से उपयोगी वस्तुएं तैयार करने वाले लघु व्यावसायों का भी समर्थन करती हूं। हममें से हर किसी की एक खास तरह की व्यक्तिगत शैली होती है, जिसके मुताबिक हम अपने कपड़ों का चुनाव करते हैं और इससे हम खुद को सबसे ज्यादा आत्मविश्वासी एवं वास्तविक रूप में महसूस करने में सक्षम होते हैं।'' गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश मिश्रा ने कहा, '' पारंपरिक रूप से, कलाकारों पर हर बार अलग दिखने का दबाव होता था, जिसकी वजह से वो कपड़ों या एसेसरीज का बार-बार इस्तेमाल नहीं कर पाते थे, लेकिन अब समय बदल चुका है! मैं सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही खरीदारी करती हूं ।

## 'वंशज' में, युविका ने कबीर के रहस्यमय अतीत की गहराई से पड़ताल की

सोनी सब का 'वंशज', पुरुष-प्रधान महाजन साम्राज्य की जटिल पावर डायनेमिक्स में युविका (अंजलि तत्रारी) के सफर पर प्रकाश डालता है, जहां उसके प्रतिस्पर्धी उसे व्यवसाय की लीडर के रूप में विफल होते देखना चाह रहे हैं। हाल के एपिसोड्स में, युविका महाजनों को नष्ट करने के कबीर (सरवर आहूजा) के एजेंडे का पता चलने के बाद, उससे सवाल करती है। उसके कार्यों के पीछे के मकसद को समझने के लिए दृढ़ संकल्पित, वह जवाब की तलाश में निकल पड़ती है। एक सकारात्मक मोड़ तब आता है जब युविका को कबीर का जन्म प्रमाण पत्र मिलता है, जो उसके छिपे हुए अतीत के रहस्यों को उजागर करने वाली पहेली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।आगामी एपिसोड्स में, युविका कबीर के अतीत का पता लगाने की कोशिश करना जारी रखेगी, और उसके माता-पिता के बारे में सच्चाई जानने के लिए गहराई से पड़ताल करेगी। इस बीच, भूमि (गुरदीप पुंज) को एक मृत बच्चे के लिए क्रियाकर्म करते हुए देखकर, डीजे (माहिर पांधी) की मां गार्गी (परिणीता सेठ) को संदेह होने लगता है कि भूमि को युविका से पहले एक बच्चा हुआ होगा।



## सूर्यप्रताप का किरदार गहरा मोड़ ले लेता है

सोनी सब का 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' 17वीं और 21वीं सदी की पृष्ठभूमि पर सेट की गई, प्रेम और समय यात्रा की कहानी को प्रदर्शित करता है। मौजूदा कहानी में, तारा (रिया शर्मा), ध्रुव (ईशान धवन) और सूर्यप्रताप (करण वी ग्रोवर) के बीच एक नाटकीय और भावनाओं से भरे प्रेम त्रिकोण को दर्शाया गया है। हालिया एपिसोड्स में, सूर्यप्रताप, ध्रुव को तारा और शौर्य (इवान दीक्षित) के साथ पाता है, और सोचता है कि वे एक साथ भागने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, बाद में उसे पता चला कि तारा असल में उसकी तरफ है, और ध्रुव के खिलाफ लड़ रही है ताकि सूर्यप्रताप अपने बेटे से अलग न हो सके, जिससे उसे काफी हैरानी होती है। इस बात का एहसास होने पर कि ध्रुव उसके परिवार की खुशहाली में एकमात्र बाधा है, सूर्यप्रताप किसी भी हद तक जाकर ध्रुव को अपने जीवन से निकालने की कसम खाता है। आगामी एपिसोड्स में, सूर्यप्रताप का किरदार एक गहरा मोड़ लेता है क्योंकि वह ध्रुव को मारने की साज़िश रचता है। अपने मंत्री मानसिंह के साथ अपनी भयावह चालों को साझा करते हुए, वह मकर संक्रांति के अवसर पर ध्रुव को जान से मारने की विस्तृत योजना बनाता है। तारा को सूर्यप्रताप की अच्छाई पर विश्वास है और ध्रुव अपने परिवार से पुनः मिलने पर ध्यान दे रहा है, ऐसे में सूर्यप्रताप के बुरे स्वभाव का अचानक खुलासा और ध्रुव को नुकसान पहुंचाने की उसकी कोशिशें सस्पेंस को बढ़ाएंगी।

## 'भाबीजी घर पर हैं' के सेट पर आसिफ शेख ने क्यों बंद किया अपना फोन!

स्मार्टफोन्स आज के जमाने में हमारी जिन्दगी का अटूट हिस्सा बन चुके हैं और हमारे रोजमर्रा के कामों में उनकी जरूरी भूमिका है। ऐसे में ज्यादातर लोगों का मानना है कि अब स्मार्टफोन्स के बिना उनका काम ही नहीं चल सकता। लेकिन हाथ में रखे जाने वाले इन डिवाइसेस पर काफी निर्भरता के बीच, जाने-माने एक्टर आसिफ शेख एक अपवाद बने हुए हैं। एण्डटीवी के बेहद लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने मशहूर किरदार विभूति नारायण मिश्रा के लिये प्रसिद्ध शेख फोन के लगातार इस्तेमाल का नियम तोड़ रहे हैं। अपने शो की एक कहानी में फोन के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण लोगों के बीच बढ़ती दूरियों की बात देखकर शेख ने हाल ही में टेक्नोलॉजी के मामले में एक अलग तरीका अपनाया है। वह शूटिंग शेड्यूल्स के दौरान सेल फोन्स के लालच से दूर रहते हैं और डिजिटल डीटॉक्सिंग की प्रैक्टिस भी करते हैं। इस बेबाक खुलासे में शेख ने स्मार्टफोन के इस्तेमाल को छोड़ने के अपने फैसले पर बात की है। वह जोर देकर कहते हैं कि इस तरह से उन्हें अपना फोकस बनाये रखने और अपनी रचनात्मकता को बेहतर बनाने में कैसे मदद मिलती है।



एक नजर

## रायपुर स्मार्ट सिटी ने मिलकर नरैया तालाब में किया श्रमदान



**रायपुर 14 जनवरी।** शहरी स्वच्छता में अपना योगदान देते हुए युवाओं की संस्था ÷बंच ऑफ़ फूल्स ने नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी के साथ प्राचीन नरैया तालाब और नरहरेश्वर मंदिर प्रांगण की सफ़ाई की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता कैंपेन से जुड़कर नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एम डी श्री अबिनाश मिश्रा , बंच ऑफ फूल्स के फाउंडर श्री सतीश भुवालका , शहीद संजय यादव हायर सेकंडरी स्कूल की एन सी सी कैप्टन डॉली यादव के साथ शहरवासी अपने बच्चों और परिवार के साथ शामिल हुए । बंच ऑफ़ फूल्स शहरी स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर योगदान देती है । निगम के सहयोग से जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत आज अल सुबह इस साफ़ सफ़ाई कार्यक्रम में सभी शामिल हुए । दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग , तालाब और परिसर की सफ़ाई आज सबने मिलकर की । इस मौक़े पर अपर आयुक्त श्री विनोद पांडेय, जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक श्री आशीष मिश्रा ,स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी श्री योगेश कडु, जोन 6 के कार्यपालन अधिकारी श्री अतुल चोपड़ा सहित स्वच्छता अमला शामिल हुआ । इस अवसर पर शामिल युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया ।

## 15 जनवरी को प्रदेश स्तरीय स्वर्णिम युगल दम्पत्ति सम्मान समारोह

**रायपुर 14 जनवरी।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आगामी 15 जनवरी 2024 सोमवार को स्वर्णिम युगल दम्पत्ति सम्मान समारोह आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में आयोजित है। समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, पं. सुरेश मिश्र एवं संयोजक पं. प्रकाश अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे कान्यकुब्ज ब्राह्मण सदस्य जिनके वैवाहिक जीवन को 50 साल हो चुके हैं उनका सम्मान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जगदलपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा, भाटापारा, बलौदा बाजार, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं रायपुर से युगल दम्पत्ति परिवार सहित आ रहे हैं।

## जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित ग्राम कटेमा में खुला पुलिस सुरक्षा कैंप

**रायपुर 14 जनवरी।** राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री राहुल भगत के निर्देशन में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जिले के दूरस्थ अति संवेदनशीन क्षेत्र ग्राम कटेमा में एंटी नक्सल अभियान की दिशा में पुलिस प्रशासन की ओर से एक बड़ी पहल देखने को मिली है। पुलिस ने तीन राज्यों के ट्राई जंक्शन पर अंततः पुलिस सुरक्षा कैंप की स्थापना कर दी है। यह पुलिस सुरक्षा कैंप अंत्योदय के संकल्प को सकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वही ग्राम कटेमा में निवासरत आम जनों के लिए मूलभूत सुविधाओं की डोर साबित होगा। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा पर छत्तीसगढ़ में बसे गांव कटेमा स्थापित नवीन कैंप एंटी नक्सल अभियान में मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान ग्राम कटेमा में पुलिस बल द्वारा ग्राम भ्रमण कर प्रत्येक घर में जाकर मिठाई एवं कंबल का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से भी रू-ब-रू हुए। पुलिस बल द्वारा ग्रामीणों को अश्वासन दिया गया कि पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। अब वे पुलिस को निर्भीक होकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकेगें। छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बसा कटेमा गांव महाराष्ट्र का गोंदिया और मध्यप्रदेश का बालाघाट जिला की सीमा को टच करता है। यह प्रदेश का अंतिम गांव है। इसे नक्सलियों का एमएमसी जोन भी कहा जता है। क्योंकि तीन राज्यों की सीमा होने की वजह से नक्सलियों का आवागमन बना रहता है। इस क्षेत्र का उपयोग नक्सली एक राज्य से दूसरे राज्य में क्रासिंग प्वाईट के रूप में करते है। पुलिस के लिए यह स्थान सामरिक दृष्टिकोण से अति महत्त्वपूर्ण है। कटेमा में पुलिस कैंप के स्थापना से नक्सलियों के गतिविधियों पर प्रभावी रूप से अंकुष लगाने में मद्द मिलेगी। पुलिस कैंप कटेमा को सफल अंतर्राज्यीय नक्सल विरोधी अभियान चलाये जाने हेतु लांच पैड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। कटेमा से राजनांदगांव जिला के लगते सीमा क्षेत्र में नक्सली अपने गतिविधियों में वृध्दि कर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। सुरक्षा कैंप स्थापना से सीमावर्ती जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में नक्सली गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त होगा।

# छत्तीसगढ़ की आर्थिक तरक्की में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की जरूरतः गिरिराज सिंह



**रायपुर, 14 जनवरी।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि गांवों में बनाए गए गौठानों को आर्थिक समृद्धि केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने आज नवा रायपुर अटल नगर के सर्किट हाउस में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत दीदियों को लखपति बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार किए जाएंगे। उन्होंने अमृत सरोवरों के व्यवस्थित विकास पर भी जोर दिया। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, विधायक श्री ईश्वर साहू और श्री सुशांत शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने समीक्षा बैठक में कहा कि देश की आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी 56 प्रतिशत है, जबकि छत्तीसगढ़ में 50 प्रतिशत है, इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए महिलाओं को कृषि में भागीदारी बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत छोटे-छोटे उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, बैंकों के माध्यम से महिलाओं के नये उद्यम स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहान की दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। बिहान योजना के तहत 56 लाख दीदियों को लखपति बनाना हमारा संकल्प है। इसके अनुरूप पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कार्य करें।

केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने बताया कि नाबार्ड द्वारा राज्य में मॉडल गौठान बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत राज्य के 4 जिलों में एक-एक गौठानों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए नाबार्ड द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को 25 लाख रूपए की राशि दी जाएगी। इन मॉडल गौठानों में मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूअर पालन के साथ ही उन्नत नस्ल के गौवंशीय पशु पाले जाएंगे। कड़कनाथ जैसे देशी मुर्गियों की प्रजाति के हाइब्रिड नस्ल तैयार किए जाएंगे।

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्र में बनाए जा रहे अमृत सरोवरों को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों के आसपास वृक्षारोपण, पाथ-वे सहित सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाए। इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए मनरेगा की राशि का उपयोग किया जाए।

इस मौके पर बैठक में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती निहारिका बारिक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास के सीईओ श्री भीम सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई, संचालक पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, नाबार्ड और एसबीआई के डीजीएम सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह के तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज यहां माना विमानतल पहुंचने पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

## फूलों की खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को किया जाएगा सम्मानितः रामविचार

**रायपुर, 14 जनवरी ।** कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम आज शाम राजधानी रायपुर स्थित नेहरू उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय फल-फूल और सब्जी प्रदर्शनी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि फूलों की खेती सहित अन्य नवीन तकनीकी फसलों के उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य के अलग-अलग जिलों के प्रमुख लाभकारी और प्रमुख फसलों को चिन्हांकित कर बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर फल-फूल और सब्जी प्रदर्शनी के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश पहले फल-फूल और सब्जी के लिए दूसरे राज्यों पर आश्रित रहते थे। लेकिन राज्य के किसानों के परिश्रम और नये तकनीक से आज छत्तीसगढ़ में सब्जी, भाजी सहित अन्य फसलों की भरपूर उत्पादन हो रहा है। जिससे उद्यानिकी सहित अन्य फसलों में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान मिली है। वर्तमान में यहां की फल-फूल और सब्जियां देश के अन्य राज्यों सहित विदेशों में भी निर्यात किए जा रहे हैं यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

# सीआरपीएफ ने ग्राम पेद्दाकुर्ती में ग्रामीणों को कपड़े,बर्तन और घरेलू सामान बांटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 14 जनवरी।** 12 जनवरी 2024 को जिला सुकमा में बी/228 बटा0 द्वारा पेद्दाकुर्ती कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे पेद्दाकुर्ती गाँव के विभिन्न पारा के लोगो को सरकारी योजनाओ एंव स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। उक्त प्रोग्राम में पुरूषो को लुंगी,महिलाओ को साडी,बर्तन एंव घरेलु सामान, युवाओ को किकेट किट वॉलीबाल आदि खेल कूद का सामान,कृषको का खाद साथ ही सोलर लालटेन,पानी फिल्टर,स्कुल के बच्चो को स्कुल बैग नोटबुक, वाटर बोतल आदि वितरित किया गया। यह प्रोग्राम लतीफ कुमार साहू (कमाण्डेन्ट 228वी वाहिनी)के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,जिसमें अजीत कुमार (उप0 कमाणडेन्ट228 वी वाहीनी), डॉ संदीप वर्मा(चिकित्सा अधिकारी), एम0 राजा (सह कमाणडेन्ट) कम्पनी कमाण्डर बी/228 वी वाहिनी, निरीक्षक प्रशांत भगवती थाना प्रभारी डोरनापाल एंव पेद्दाकुती गाँव के लगभग 300 ग्रामीण मौजूद थे। इस कार्यकम का मकसद लोगो को स्वास्थ्य एंव भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के फायदो के विषय में अवगत कराना तथा भविष्य में इसी प्रकार की ज़रूरतो के साथ- साथ समन्वय व सहयोग का देना है।



# निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को आपसी समन्वय से दूर करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 14 जनवरी।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज बैठक लेकर शहर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के साथ गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिए। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण कार्य धीमी गति से हो रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों को कई दिनों से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः सभी संबंधित विभाग निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को आपसी समन्वय से दूर कर कार्य में तेजी लाएं। बैठक में कलेक्टर ने ठेकेदार से सड़क निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ठेकेदार ने बताया कि निर्माणाधीन सड़क के किनारे एक जगह पर बांस के पेड़ को हटाने की जरूरत है, वहीं कुछ जगहों पर पाईपलाईन लाईन में रिसाव के वजह से सड़क निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क के किनारे कुछेक प्वाइंट पर अभी भी विद्युत पोल की शिफ्टिंग का कार्य बाकी है। इसी प्रकार कुछ जगहों पर सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाने की आवश्यकता पर भी कलेक्टर को अवगत कराया। उन्होंने यह बताया कि इन सभी परेशानी दूर होने के बाद ही सड़क निर्माण कार्य में तेजी आएगी। बैठक में कलेक्टर ने विद्युत विभाग को विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के लिए शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, वहीं पाईपलाईन शिफ्टिंग हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि शहर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर 3.60 किलोमीटर का सड़क चौड़ीकरण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण 26.81 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है, जिसके निर्माण की पूर्णता तिथि फरवरी 2024 है। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर श्री मनीष साहू, तहसीलदार सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, पीएचई, निर्माण एजेंसी के ठेकेदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



# फ्लाईओवर का अधूरा निर्माण जर्जर सड़क पर बना हुआ है हादसे का अंदेशा

**किरंदुल 14 जनवरी।** एनएमडीसी परियोजना के द्वारा फ्लाईओवर निर्माण एवं रेट 13 सड़क का भूमि पूजन एनएमडीसी सी एम डी अमिताभ मुखर्जी के द्वारा भूमि पूजन कराया गया था जिसका कार्य एनएमडीसी सिविल विभाग के द्वारा कराया जा रहा था जो आज दिनांक तक भी पूर्ण नहीं हुई है इस कच्ची सड़क की हालत इतनी ख़राब है कि इस मार्ग से किरंदुल की आधी आबादी इस मार्ग का उपयोग करती है और किरंदुल के आसपास क्षेत्र के जितने भी ग्रामीण है इसी मार का उपयोग करते हैं एनएमडीसी के द्वारा बनाया एशिया का सबसे महंगा अधूरा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है जो आज 8-10 साल हो गए मगर पूर्ण होने का नाम ही नहीं ले रहा ऐसा लगता है मानो यह फ्लाईओवर भगवान भरोसे है इस मार्ग से चार स्कूल के बच्चे एक महाविद्यालय के बच्चे आना-जाना करते हैं जब इस रेल मार्ग पर रेलगाड़ी खड़ी रहती है तो बच्चों मालगाड़ी के नीचे से आना पड़ता है या फिर एक जर्जर सीडी के ऊपर से आना पड़ता है जिसमें कभी भी हादसा हो सकता है इस पटरी में कई बार हादसे भी हो चुके हैं जिससे कई ग्रामीण एवं नगर वासियों की जान जा चुकी है इसके बाद भी एनएमडीसी और रेलवे प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



समाचार संक्षेप

## वनांचल में सुविधा शिविर से ग्रामीणों तक पहुंच रही मूलभूत सुविधाएं



**सुकमा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले प्रशासन द्वारा दुरस्थ वनांचल में स्थित निवासियों को शासन की योजनओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के गांव-गांव में सुविधा शिविरों का आयोजन कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशन में किया जा रहा है। सुविधा शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। शिविरों के माध्यम से अंदरूनी दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को इंटरनेट व्याप्त स्थान तक लाकर एक ही छत के नीचे आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन पंजीयन की सुविधा कराई जा रही है। इसी क्रम कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत डब्बाकोंटा में इंटरनेट कनेक्शन बेहतर होते ही आस-पास गांव के लोगों को समीपस्थ स्थल में ही सुविघा मुहैया कराई गई। सुविधा शिविर का आयोजन ग्राम डब्बाकोंटा में 04 जनवरी से 10 जनवरी 2024 तक 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 2885 से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस 7 दिवसीय सुविधा शिविर के माध्यम से 2 हजार 885 से अधिक सेवाएं हुई प्रदाय। जिसमे 485 आधार कार्ड हेतु पंजीयन, 266 राशन कार्ड, 418 आयुष्मान कार्ड, 594 वोटर आई हेतु आवेदन, 758 जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, 199 नवीन बैंक एकाउंट ओपन किया गया और 169 लोगों के नाम उचित मूल्य की दुकान में जोड़े गए इस प्रकार कुल 2889 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में तत्समय में ही अधिकतम प्रकरण निराकरण कर लिए जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि आमतौर पर यह होता है कि तहसील एवं जिला कार्यालय में अपने कामों लेकर चले तो जाते है परंतु कुछ जरूरी दस्तावेज ततसमय उपलब्ध नहीं होने पर हमें बिना काम पूरा के ही वापस आना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव गांव में जिला प्रशासन द्वारा शिविर लगाने से हमें अब तहसील कार्यालय अथवा जिला कार्यालय की जाकर लंबी कतारों में लाइन लगाने की आवश्यकता नही है क्योकि अधिकतम हमारे मूलभूत की सेवाओं हेतु आवेदन प्रकरणों का निराकरण शिविर में ही कर दिए जाते है। शिविर के होने से लोगों का बहुतय संख्या में शामिल होना, निश्चित ही शिविर के सकारात्मक परिणामों को दर्शाता है।

## निर्मल आंगनवाड़ी अभियान में दिया गया स्वच्छता से शिक्षा की ओर का संदेश



**सुकमा, 14 जनवरी।** आकांशी जिला सुकमा में 19 दिसम्बर 2023 को कलेक्टर श्री हरिस.एस, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विभाग के समस्त अधिकारी कि उपस्थिति में निर्मला अभियान का शुभारंभ किया गया। एस्पिरेशनल भारत कॉलेबोरेटिव नीती आयोग के सहयोगी पिरामल फाउंडेशन के माध्यम से निर्मल आंगनवाड़ी अभियान 20 दिसंबर 2023 से बच्चो कि शिक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में %निर्मल आंगन% अभियान को संचालित किया। जिसके माध्यम से सुकमा, छिंदगढ और आकांशी विकासखंड कोटा में अभियान गया। जिसमे आंगनवाड़ी परिसर, मुख्य कक्ष, रसोई, स्टोर रूम की साफ़ सफाई करने, सामानो को व्यवस्थित रखने और बच्चों कि शिक्षा मे सकारात्मकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच,सचिव को अभियान कि जानकारी दिया गया और इस अभियान को अपने ग्राम पंचायत मे सुचारू रूप से चालाने के लिए ध्यान केंद्रित किया। और इस अभियान को सफल बनाने के लिए और निर्मल आंगनवाड़ी अभियान के माध्यम से घर जैसा वातावरण आंगनवाड़ी मे देने का और बच्चो कि ज्यादा से ज्यादा शिक्षा को प्रभावित करने का प्रयास निरंतर सुकमा के समस्त अधिकारीगणो के साथ मिलकर किया जा रहा है।



**सुकमा 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कोंटा ब्लाक में इक्कलगुड़ा के पास ममता को कलंकित करने वाली घटना सामने आई , किसी अज्ञात महिला ने बच्ची को जन्म देने के बाद जंगल में छोड़ कर चली गई चरवाहों ने बच्ची की शव को देख कर सीआरपीएफ 228 को दिया सूचना बताया जा रहा हैं की आज घटना आज सुबह की हैं कड़ाके की ठंड में मां ने अपनी बच्ची को मरने के लिए छोड़ गई।

युवा शक्ति केंद्र परिसर सुकमा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन भी

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण लाइव सुना गया






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 14 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र परिसर सुकमा में शुक्रवार, 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र जगदलपुर एवं यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस वर्ष स्वामी विवेकानंद के 161वीं जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम का थीम ''मेरा युवा भारत-विकसित भारतञ्च2047'' युवा द्वारा, युवा के लिए रहा। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय युवाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को सभी ने लाइव कार्यक्रम को सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से देखा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को बड़े उत्साह से सुना। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि श्री अजय मोड़ियम डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सुकमा, श्रीमती पारूल खण्डेलवाल डीएसपी सुकमा और श्री परमेश्वर तिलकवार एसडीओपी सुकमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी युवा देश के भविष्य है, आप विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नीव है, हम सबको मिलकर हमारे देश को विकसित भारत की दिशा में ले जाना है। आप अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर लक्ष्य की ओर आग्रसर होने हेतु मार्गदर्शन दिए। साथ ही कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूक किया गया। इस अवसर पर परिसर के विवेकानंद परिसर से श्री धर्मेंद्र कोठारी, शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी और नेहरू युवा केंद्र एवं पिरामल फाउण्डेशन के सदस्यगण सहित युवा उपस्थित थे। विदित हो कि जिले में 11 जनवरी से 17 जनवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का मनाया जा रहा है।

# महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर कालेज भखारा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**अंवरी 14 जनवरी।** युवाओं के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद की जयंती अर्थात् राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा मे संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन मे माननीय प्रधानमंत्री जी का देशभर के युवाओं का संबोधन संबधी कार्यक्रम विद्यार्थियों को दिखाया गया।स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन,उनके विचारों एवम् सिद्धांतों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान मे %राष्ट्रीय युवा दिवस% के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती एवम् स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। श्री जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विवेकानन्द जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने के संबंध मे तथ्यात्मक जानकारी दी गई। हमारे देश मे सन् 1984 से प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के महान विचारों पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि उन विचारों मे से कुछ विचार भी आप अपने अन्दर आत्मसात कर लें तो आपको जीवन मे सफ़ल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होने कहा कि युवाओं को आलोचकों के नकारात्मक विचारों से दूर रह कर सतत् अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहना चाहिए।डॉ. कविता वैष्णव विभागाध्यक्ष हिन्दी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सम्बन्धित प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेशभूषा से किसी व्यक्ति की व्यक्तिव का आंकलन नही लगाया जा सकता। व्यक्तिव की पहचान व्यक्ति के विचार,विवेक एवम् व्यवहार से होती है।युवाओं को अपनी संस्कृति को संरक्षित कर रखने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. अविनाश आर निचत विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र द्वारा अपने उद्बोधन मे बतलाए कि विवेकानन्द जी ने सन 1893 मे अमेरिका के शिकागो मे आयोजित विश्व धर्म महासभा मे भारत से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व करते हुए संबोधन किए - मेरे अमेरिकी भाइयों एवम् बहनों । उनके इस संबोधन से पूरा राष्ट्र प्रभावित हो उठा।

## एक नजर



### संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण डोंगीतराई में आयोजित

**रायगढ़, 14 जनवरी।** राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर एवं जिला परियोजना कार्यालय रायगढ़ के निर्देशानुसार विकासखण्ड रायगढ़ के संकुल केंद्र डोंगीतराई, कछार और कोड़तराई के प्रत्येक प्राथमिक शाला के एक-एक महिला शिक्षकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन प्राथ.शाला डोंगीतराई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रामनाथ सिंह, वीरेंद्र कुमार चौहान संकुल समन्वयक डोंगीतराई, शशि कुमार डनसेना संकुल समन्वयक कछार, खरे सर संकुल समन्वयक कोडतराई द्वारा सरस्वती माँ की छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। संकुल प्राचार्य रामनाथ सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण पर तीनों संकुल के संकुल समन्वयकों ने विचार एवं अनुभव रखें। अंगना में शिक्षा के प्रथम सेशन में मास्टर ट्रेनर्स जयश्री दीवान एवं वंदना अख्तरी द्वारा आवश्यक जानकारी दी गयी एवं निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए बच्चों का पूर्ण विकास करना तथा वह स्कूल जाने की पहले की तैयारी आनंदमयी माहौल व खेल कूद के द्वारा किये जाने एवं माताओं को किस प्रकार सक्रिय करें इस बारे में बताया गया। द्वितीय सेशन में गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमे मैडम गणेशी एवं रेणुका द्वारा विभिन्न गतिविधि कराया गया जिसमें तीनों संकुल के सभी शिक्षक, माताएं एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।इस कार्यक्रम की विशेष बात यह है की इस बार मातायें बच्चों के साथ और बेहतर करने के लिये प्रेरित होंगे। अंत मे संकुल समन्वयक डोंगी तराई द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लिया, प्रशिक्षण को बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक बच्चों के लिए क्रियान्वयन में अपना बेहतर योगदान देने की अपील की गई। मास्टर ट्रेनर्स जयश्री दीवान एवं वन्दना अख्तरी द्वारा इससे पूर्व भी 08 जनवरी 2024 को विकास खंड रायगढ़ के सभी संकुलों से दो-दो महिला टीचर्स को विकासखण्ड स्तर पर अंगना म शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।।

### विपरीत शक्तियों को रोकने की शक्ति नारी में है समाहितःओमप्रकाश



**पत्थलगांव, 14 जनवरी।** हरियाणा सेवा सदन मे आज अखिल विश्व गायत्री परिवार का नारी जागरण सह कार्यकर्ता शिविर की शुरूवात की गयी। दो दिवसयी कार्यक्रम मे जशपुर जिले के आठ ब्लाक से गायत्री परिवार की महिला एवं बालिकायें मौजुद थी। मुख्यअतिथी के रूप मे यहा प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक ओमप्रकाश राठौर पहुंचे हुये थे,उनके अलावा जिला नारी जागरण प्रमुख निद्रावती चौहान,गणेश्वर बेहरा,बसंती नामदेव,शांतेश्वर यादव मौजुद थे। विशिष्ट अतिथी के रूप मे राजेश अग्रवाल ने भी कार्यक्रम मे उपस्थिती दर्ज करायी। मंच संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता डी.आर चौहान एवं पार्वती चौहान द्वारा किया जा रहा था,कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती एवं माता गायत्री की प्रतिमा पर दीप प्रजवल्लन के साथ की गयी। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ओमप्रकाश राठौर ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। उनका कहना था कि आत्म विश्वास से ही नारी सशक्तिकरण की दिशा सुधर सकती है। यह कार्यक्रम नारी जीवन की गौरव गरिमा पर आधारित था,जिस पर प्रांतीय संयोजक ने अपने विचार रखते हुये बताया कि 21वीं सदी नारियों का युग है,इस सदी मे जो सुधार कार्य होने है वो नारियों के बलबुते ही होंगे। उनका कहना था कि इस युग का नेतृत्व नारी करेंगी,परंतु नारियों को आत्म विश्वास से स्वयं को भरना जरूरी है। सामाजिक,सांस्कृतिक श्रेणी मे पुरूष प्रधान द्वारा जो नाकारात्मक उर्जाओ का संचार किया गया है,उसे रोकने मे नारी शक्ति ही अपनी अग्रणी भूमिका निभायेगी। उनका कहना था कि पुरूष अपने सकारात्मक चिंतन से बेहद दूर जा चुके है,यही कारण है कि प्रकृति का अब विनाश होने लगा है,जब प्रकृति का विनाश होता है तो उससे पूरा विश्व प्रभावित होता है,व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है,वह समाज मे अकेले नही रह सकता,इसलिए अब हमें दूसरो के हित मे कार्य करने की बेहद आवश्यकता है,तभी हम नये युग का निर्माण कर सकेंगे।।

**आत्म विश्वास से नारी जागरण का उदय-** गायत्री चेतना केन्द्र की ओर से आज के दो दिवसयी कार्यक्रम मे ऋतंभरा दागी,नंदिनी पारवार,शीतल कुमारी,तुलिका पाठक मध्यप्रदेश से यहा आयी हुयी थी,इन सभी ने नारी शक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किये,जिसमे उन्होने नारी जागरण के बिना समाज का उत्थान होना संभव नही बताया। इन महिला एवं युवतीयों ने नारी शक्ति को अपनी प्रतिभा पहचान कर पुरानी मानसिकता से दूर हटने की बात कही। उनका कहना था कि समाज व राष्ट्र निर्माण मे महिला शक्ति का योगदान के बिना अब 21वीं सदी का सूर्य उग नही सकता।

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 15 जनवरी को महासमुंद जिले के दौरे पर रहेंगे

**महासमुंद 14 जनवरी।** भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार 15 जनवरी को महासमुंद जिले के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 10ः00 बजे रायपुर से प्रस्थान कर 10ः40 बजे महासमुंद के विशेष पिछड़ी जनजाति ग्राम झालखम्हरिया पहुंचेंगे।

जहां वे विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के साथ चर्चा कर योजनाओं की जानकारी लेंगे। तत्पश्चात श्री शेखावत सबेरे 11ः45 बजे जिला पंचायत में प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात अपरान्ह 1ः45 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

# सीबीआई जांच से पीएससी घोटाले का पूरा सच आएगा सामनेःरमेश साहू

**महासमुंद,14 जनवरी।** भाजपा नेता व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पीएससी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं की सामने आई शिकायतों की जाँच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने के लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के साथ हुए अन्याय का हिसाब होगा और दोषियों को उनके कृत्यों की कड़ी सजा मिलेगी।

श्री साहू ने कहा कि सीजी-पीएससी की भर्ती विवादों में रही है। इसमें आयोग के तत्कालीन चेयरमैन टामनसिंह सोनवानी, राजभवन सेक्रेटरी अमृत खलको समेत कई अफसरों के बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर पद पर नियुक्ति के आरोप लगे थे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा जीतेगी 400 से अधिक सीटेंःरमेश साहू

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने दावा किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिलेगी। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त अनाज प्रदान किया जाएगा। जो गरीबों के हित में केंद्र सरकार का प्रमुख निर्णय है। इसके साथ ही अनगिनत ऐसे योजनाओं का संचालन केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ देश के गरीबों, मजदूर, किसान सहित समस्त वर्ग के लोगों को मिल रहा है। साहू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिस प्रकार भारत में एनडीए की सरकार निरंतर पूर्ण बहुमत और स्थिरता के साथ चल रही है, वह किसी भी देश और उसके नागरिकों के लिए गौरव व सम्मान का विषय है। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी ऐसे देशों की स्थिति मजबूत और महत्वपूर्ण हो जाती है, जहां शांति और कानून व्यवस्था का राज होता है। जहां सत्ताधारी दल अपने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को पूर्ण करने में सक्षम होते हैं, वहां विश्व के अन्य शक्तिशाली देश और अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से बचते हैं। ऐसा देश अपने विकास के लक्ष्य की ओर नित अग्रसर होता है। भारत में स्थिर सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिल रही है। विदेशी निवेश भी बढ़ा है। जीडीपी 6.4 फीसदी है। जापान, जर्मनी, इसराइल, अमेरिका, फ्रांस, कनाडा, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, से आर्थिक रिश्ते अत्यधिक मजबूत हुए हैं। वर्तमान सरकार ने देश में राजनैतिक स्थिरता और अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक बहुलता को बनाये रखा है, जो किसी भी अर्थव्यवस्था को नवीन उंचाइयां छूने के लिए अति आवश्यक होता है।

# तिरुपति बालाजी से पैदल निकले श्रीराम भक्त पी.संतोष कुमार भोपालपटनम पहुंचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,14 जनवरी।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन के लिए तिरुपति बालाजी से पैदल निकले युवक पी संतोष कुमार शनिवार को भोपालपटनम नगर आगमन हुआ। भोपालपटनम में शिव मंदिर समिति के पदाधिकारियों तथा श्रद्धालुओं ने श्रीराम भक्त पी संतोष का स्वागत किया गया। शिव मंदिर समिति के रवि कुमार रापर्ती ने बताया कि पी संतोष तिरुपति बालाजी से 28 दिसंबर को अयोध्या श्रीराम लला के दर्शन के लिए निकले है। पदयात्री संतोष अब तक 750 किमी की दूरी तय कर चुके हैं। अयोध्या के लिए निकले पी संतोष तिरुपति बालाजी से विजयवाड़ा, गूंटूर, एटूनगरम, तारलागुडा के रास्ते से भोपालपटनम पहुंचे है। यहां से महाराष्ट्र के मंचरियाल, नागपुर होते हुए अयोध्या पहूंचेंगे। भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में न पहुंच पाने का उन्हें मलाल है लेकिन अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन पैदल चलकर अवश्य करेंगे। 17 दिन पहले यानि की 28 दिसंबर को आंध्रप्रदेश के तिरुपति बालाजी से पैदल



निकले 25 वर्षीय युवक पी संतोष के इस तपस्वी तथा जज्बे को भोपालपटनम वासीयों ने खुब सम्मान देकर एक दिन भोपालपटनम में विश्राम करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिव मंदिर समिति के रवि रापर्ती ने बताया कि श्रीराम भक्त पी संतोष से यहां काफी उत्साह हैं। उनका मकसद सनातन धर्म को बचाना है। हिंदू होने के नाते वर्षों बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना हम सभी के लिए गौरवशाली क्षण है। साथ ही भोपालपटनम के रवि कुमार रापर्ती का कहना है यह हमारे लिए गौरव की बात है कि तिरुपति बालाजी से सैकड़ों किमी पदयात्रा कर पी संतोष भोपालपटनम पहुंचे है इनसे हम सभी श्रद्धालुओं व युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। श्रीराम भक्त के भोपालपटनम पहुंचने पर शिव मंदिर पुजारी दत्तू महाराज, महेश शेट्टी, आंनद राव के साथ महिलाओं ने भी स्वागत किया।

### ओपी चौधरी ने की महिला एवं बाल विकास के विभागीय बजट की समीक्षा

**रायगढ़, 14 जनवरी।** वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में आज महानदी भवन, मंत्रालय में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री चौधरी एवं श्रीमती राजवाड़े ने बैठक में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना व एकीकृत बाल विकास सेवा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री चौधरी ने इस दौरान राज्य स्तरीय स्कीमों का एकीकरण कर अम्ब्रेला स्कीम तथा एकीकृत योजनाओं के लिए सिंगल निगरानी पोर्टल बनाने के सुझाव भी दिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में वित्त विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक जनक ध्रुव के गरियाबंद पहुंचने पर गुलाल,फूलों की वर्षा कर किया शानदार स्वागत




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 13 जनवरी।** नगर के तिरंगा चौक में बिंद्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव का कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने आतिशबाजी फूल व गुलाल से भव्य स्वागत किए।ज्ञात हो कि बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव का शनिवार को नगर आगमन हुआ , उनके आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा चौक में स्वागत किया गया, उसके पश्चात विधायक जनक ध्रुव कार्यकर्ताओं के साथ पैदल ही जिला कांग्रेस भवन पहुंचे और कार्यकर्ताओं का बैठक लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरे।वही बैठक के पश्चात विधायक द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुने।इस अवसर पर युगल पांडे,अमित मिरी केशू सिन्हा,महेंद्र राजपूत, कृष्णकुमार शर्मा,बीरू यादव सेवा गुप्ता,अवध यादव,दिलेश्वर देवांगन रमेश मेश्राम,अमृत पटेल,वालेश मरकाम सूरज यादव,मोहन ध्रुव,श्रद्धा राजपूत,नंदनी त्रिपाठी, सविता गिरी,मंजरी गुप्ता,प्रतिभा पटेल ज्योति साहनी उपस्थित थे।

### परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक 15 को

**नवापारा राजिम, 14 जनवरी।** परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण (नवागांव) की सामाजिक बैठक 15 जनवरी सोमवार को सुबह 11ः00.बजे परिक्षेत्र साहू समाज भवन नवागांव में रखा गया है. परिक्षेत्र साहू समाज के मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू ने बताया कि इस बैठक में सामाजिक संगठन, सामाजिक एकजुटता व सामाजिक गतिविधि पर चर्चा करते हुए सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा. इस बैठक में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, उपाध्यक्ष गंगू राम साहू, रमादेवी साहू,सचिव कृष्णा साहू व परिक्षेत्र साहू समाज चम्पारण (नवागांव) के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहेंगे।

### टीचर्स एसोसिएशन ने नवपदस्थ कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात की



**राजिम, 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन गरियाबंद ने जिले में नवपदस्थ कलेक्टर दीपक अग्रवाल से सौजन्य मुलाक़ात कर बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जिले की शैक्षणिक गतिविधियों एवं शैक्षिक गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के उत्तरोत्तर विकास हेतु शिक्षकों की महती भूमिका पर सार्थक चर्चा किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर आई टी सेल गिरीश शर्मा,प्रांतीय महिला प्रतिनिधि गीता शरणागत ,ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सोनवानी ,जिला सचिव सुरेश केला ,जिला उपाध्यक्ष ,सलीम मेमन जिला महामंत्री आर एस कंवर,नारायण निषाद ओमप्रकाश वर्मा ,जितेंद्र साहू,दिनेश निर्मलकर भूपेन्द्र गिरि गोस्वामी, ईरफान कुरैशी, देवानंद साहू ,अनिता मेश्राम, धनेंद्र कुमार निराला उपस्थित थे।


# जिले के अंतिम छोर तक पहुंच रहीं केंद्र सरकार की योजनाएं

**रायगढ़, 14 जनवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार हर वंचित तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहती है इसी क्रम में रायगढ़ जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।


विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान समाज में अंतिम व्यक्ति तक शासन खुद पहुंच रही है। यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। विकसित भारत बनाना हमारा संकल्प है। यह यात्रा विश्वास और संकल्प करा रही है कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशवासी 2047 से पहले भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अब तक जिले के 326 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। जहां लोगों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ सुनिश्चित कर रही है। अभी तक 4 लाख 60 हजार 703 लोग इस यात्रा से जुड़ चुके हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा से जरूरतमंदों को मिल रहा फायदा-**जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को फायदा मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सेवा हो, उज्वला योजना के तहत मिलने वाला फ्री गैस चूल्हा अथवा अन्य योजनाओं के तहत हर जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच रहा है। शिविर के दौरान अधिकारी और कर्मचारी यहां उपलब्ध रहते हैं, जो केंद्र सरकार की सभी योजनाओं से लोगों को जोड़ते हैं।





**लाभार्थी कर रहे अनुभव साझा-**विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ऐसे सभी लाभार्थी जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है वे मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपना अनुभव साझा कर रहे है। इसी कड़ी में तमनार में आयोजित शिविर के दौरान ग्राम बुढ़िया की बुजुर्ग महिला रूमिला सारथी ने बताया कि मुझे उज्वला योजना का लाभ मिला है। जिससे हमारे घर में अब गैस चूल्हे से खाना बना रहे है। अब हमें न तो लकड़ी लेने जंगल जाना पड़ता है और न ही गैस चूल्हे में खाना बनाने में किसी प्रकार की तकलीफ हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।



14 जनवरी को यहां लगेंगे शिविर -विकसित भारत संकल्प यात्रा का डिजिटल रथ कल 14 जनवरी को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम सिथरा, क्रोन्धा, सेमीपाली एवं हाटी, घरघोड़ा के चिल्कागुड़ा एवं कया, खरसिया के भैनापारा, गोरपार, खम्हार एवं छोटेमुड़पार, लैलूंगा के लारीपानी, गुनु एवं फूलीकुंडा, पुसौर के कोड़ातराई, मिड़मिड़ा, दर्रामुड़ा एवं डूमरपाली, रायगढ़ के बनसिया एवं तरेकेला तथा विकासखण्ड तमनार के जोबरो शामिल है।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक कमांडर मारा गया



**बीजापुर 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** गुरुवार को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत पुसनार के जंगलों में गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर एवं केरिपु 85 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान 12 तारीख शुक्रवार अपरान्ह पुसनार के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम ऊर्फ सोमलू को मार गिराने मे पुलिस को सफलता मिली। मुठभेड़ में 3-4 अन्य माओवादियों के घायल होने की प्रबल संभावना है। मारे गये माओवादी के विरूद्ध छग शासन की आत्मसमर्पण एवं ईनाम नीति के तहत 1.00 लाख का ईनाम घोषित है। उक्त माओवादी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर की ओर से 30.00 हजार एवं पुलिस अधीक्षक बीजापुर की ओर से 10.00 हजार का ईनामी घोषित रहा। उक्त माओवादी द्वारा एक ही परिवार के पिता को माह अप्रेल 2023 एवं मां, बेटी को माह अगस्त 2023 में अपहरण कर हत्या उपरान्त शव का नदी में बहा दिया था। मारे गये माओवादी के विरूद्ध थाना गंगालूर में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण की धाराओं में 4 अपराध पंजीबद्ध है। जो वर्तमान में विवेचना में लंबित है । इसके अलवा हत्या, पुलिस पार्टी पर हमला, विस्फोट आदि मामलों में न्यायालय द्वारा जारी 4 स्थाई वारंट लंबित है।क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग अभियान जारी है।

### स्वामी दयानंद की 200 की जयंती पर वेद मंत्रों से गूंजा कोसरंगी गुरुकुल



**महासमुंद।** महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी में शनिवार को विधिवत वेद मंत्रों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गुरुकुल कोसरंगी एवं आम सेना के 101 ब्रह्मचारियों ने पवित्र वेद मित्रों का उच्चारण किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भारतीय संस्कृति वैदिक संस्कृति में विश्वास करने वाले लोग शामिल हुए। गुरुकुल के आचार्य सुरेश एवं मुकेश शास्त्री ने सभी अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने कहा गुरुकुल हिंदू सनातन संस्कृति को जीने का प्रयत्न कर रहा है।

इस अवसर पर सांसद बसंत पंडा लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा महर्षि दयानंद सरस्वती 19वीं सदी के महान संत हुए, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा को विश्व के सामने रखा। महायज्ञ के ब्रह्म आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा गुरुकुल का अर्थ है भारत की संस्कृति भारत की परंपरा और अपने अस्तित्व को बचाने वाली संस्था। स्वामी व्रत आनंद सरस्वती ने कहा- ईश्वर को स्मरण करके अपनी आत्मा को पवित्र बनाए रखना और कुछ आदर्शों का पालन करना है गुरुकुल का सर्वोच्च उद्देश्य है। प्रलय थीटे, अनिल शास्त्री एवं राम कथाकार भागीरथ जी ने अपने संबोधन में कहा कि कलयुग में विषम परिस्थिति में गुरुकुल ही हम सब की आशाओं का केंद्र है। राकेश दुबे एवं राम शर्मा ने कहा- गुरुकुल सादा जीवन उच्च विचार के लिए प्रेरित करता है। कबीरपंथी संत जीवेंद्र जी ने कहा गुरुकुल के दर्शन और गुरुकुल में समय बिताने से पुण्य का उदय होता है। आचार्य मनु देव एवं ब्रह्मचारी नंदलाल के साथ ब्रह्मचारियों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। गुरुकुल के पीतांबर एवं श्वेतांबर ब्रह्मचारियों ने वेद मंत्र का उच्चारण किया।

ऐतिहासिक 200 कुंडीय महायज्ञ-गुरुकुल के आचार्य सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को गुरुकुल में ऐतिहासिक 200 कुंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। इस आयोजन में अनेक साधु संत महात्मा भाग लेंगे। एक हजार से अधिक लोग एक साथ पवित्र वैदिक अग्नि में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुति देंगे।नगर भ्रमण कर हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन-शनिवार को गुरूकुल आश्रम कोसरंगी की 21वीं स्थापना दिवस पर महासमुंद नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण बरौंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शुरू हुआ, जो नेहरू चौक, बिठोबा चौक, गांधी चौक होते हुए बरौंडा चौक पहुंचा। इस दौरान नगर के चौक-चौराहों में ब्रम्हचारियों द्वारा हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन किया गया। वहीं, रात्रिकाल को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### शिक्षण संस्था समाज सुधार का केंद्र बने




**महासमुंद।** शिक्षा संस्थान संस्कारवान एवं अनुशासित विद्यार्थी निर्माण का केंद्र बने और समाज को नई दिशा दें। उक्त बातें ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल में विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संचालक माधव राव टांकसाले ने कहीं। टांकसाले ने कहा, स्वामी की प्रेरणा से उनकी शिष्या बहन निवेदिता ने 1905 में कोलकाता में बालिका विद्यालय की स्थापना की थी। स्वामी समाज में पिछड़ेजन और द्ररिदता का प्रमुख कारण अशिक्षा को मानते थे। स्वामी भारतीय संस्कृति, अध्यामित्व ज्ञान को दुनिया फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वामी ने नर सेवा को ही नारायण सेवा बताया है। समाज को गरीब और दरिद्र की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्याख्यान के दौरान कहा था कि युवा शक्ति अपना एक वर्ष अगर पढ़ाई छोड़कर समाज के फैले अशिक्षा को दूर करने के लिए लग जाये तो पिछड़ेपन से भारत दूर हो जाएगा। विवेकानंद जयंती पर गायत्री हवन का आयोजन किया गया। हवन में संस्थान में कार्यरत शिक्षकगण, समिति के सदस्यगण तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# युवा कांग्रेस ने चलाया 'हसदेव जंगल बचाओ' हस्ताक्षर अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुकेश दास हेंवार के नेतृत्व मे हसदेव अरण्य जंगल की सुरक्षा हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमे भाटापारा के विधायक इंद्र साव उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में जिसमे प्रकृति से जुड़ी मुद्दा का चिंतन करते हुए, जंगल की पेड़ो के कटाई को रोकने के लिए, सरकार के खिलाफ विरोध करने के लिए अनोखा प्रदर्शन युवा कांग्रेस के साथियों ने साथ किया, इंद्र साव ने कहा की एक तरफ कोयला उत्खनन कर अन्य प्रदेश की जरूरतों को पुरा करने के लिए अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश के जंगलो की लाखो की संख्या में पेड़ो की कटाई करना उन लोगों के साथ अन्याय है जो सदियों से जंगलो के आस पास में निवास करते आ रहे है। जो मूल निवासी हैं। जिससे पूरे प्रदेश के लोगों को शुद्ध अक्सीजन मिलता हो, उसे नष्ट करना मतलब व्यक्ति कि जीवन को नष्ट करना है, प्रदेश सचिव मुकेश हेंवार ने कहा की हम माननीय राज्यपाल जी से मांग करते हैं की इस हसदेव जंगल की पेड़ो की कटाई पर रोक लगाकर, जितने पेड़ काटे गये है उनके प्रति पेड़ गुना 100 पेड़ लगाने के निर्देश दिया जाये। जो हमारे प्रकृति की सुरक्षा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। क्योंकि प्रकृति से मनुष्य जीवन जुड़ा हुवा हैं उसको नष्ट करना मतलब सीधा हर व्यक्ति के जीवन को नष्ट करना है। इस विरोध अभियान को सैकड़ो की संख्या में लोगों ने समर्थन कर हसदैव जंगल के पेड़ कटाई होने पर अपना आपत्ति दर्ज किये, इस अभियान में प्रमुख रूप से विधायक इंद्र साव जी, वरिस्ट नेता ईश्वर सिंग, प्रदेश सचिव मुकेश दास हेंवार , हस्ड्ढ जिला अध्यक्ष विवेक यदु, जिला महासचिव लालू मानिकपुरी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद, उपाध्यक्ष सत्यजीत सेंडे, पार्षद दीपक निर्मलकर, विक्की ठाकुर, नरेन्द्र ब्राम्हकर, विमल मानिकपुरी, जित्तू शर्मा, गोपाल शर्मा, शशांक चौबे, लोकेश मंगलानी, सेवक ध्रुव, संजय मानिकपुरी, हेमंत वर्मा, जुगनू मेमन, ईश्वर सेन, आदि युवा साथी उपस्थित हुए।



## एक नजर

### ई-श्रम कार्ड में पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को मिलेगा 2 लाख का दुर्घटना बीमा




**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल में 31 मार्च 2022 तक पंजीयन हुआ है तथा जिनकी मृत्यु अथवा अपंगता किसी दुर्घटना के दौरान 31 मार्च 2022 तक हुई है, उसे सुरक्षा बीमा का लाभ एक्सग्रेशिया के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत दुर्घटना में मृत्यु अथवा दोनों आखों, दोनो हाथ अथवा पैरों की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति, एक हाथ और एक पैर तथा एक आंख और एक हाथ अथवा एक पैर की पूर्ण रूप से अपुरणीय क्षति होने पर 2 लाख रूपए दिया जाता है। इसके अलावा पूर्ण रूप से एक आंख की अपूरणीय क्षति और पूर्णरूप से एक हाथ अथवा एक पैर की अपूरणीय क्षति होने पर एक लाख रूपये दिया जाता है। श्रम पदाधिकारी आजाद पात्रे ने बताया कि 31 मार्च 2022 के पूर्व पंजीकृत हितग्राहियों का दुर्घटना हुई हो तो श्रम विभाग में जाकर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) पोस्ट मार्टम रिपोर्ट, उत्ताराधिकारी का बैंक खाता के साथ आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग कार्यालय के दुरभाष क्रमांक 07727796161 पर संपर्क कर सकते है।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना:15 जनवरी को कसडोल में होगा मेगा इवेंट का आयोजन



**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा देश के पीवीटीजी समुदायों के 100 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार 15 जनवरी को वर्चुअल के माध्यम से पीएम जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभागार में पीएमजनमन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में आज कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन के सफल क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग चयनित हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे गये है। इनमें अनुविभागीय अधिकारी कसडोल को प्रोटोकॉल एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को स्टैंडिज, बैकड्राप टेंट सहित अन्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को मंच निर्माण, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण को ध्वनि, प्रकाश, मंच सज्जा, एलईडी डिजिटल स्क्रीन, जनरेटर, विद्युत विभाग के निर्बाध विद्युत व्यवस्था, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को ऑनलाइन कनेक्टिविटी, कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को प्रधानमंत्री किसान योजना, उद्यानिकी को मंच की साज सज्जा एवं पुष्प व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र संचालन के लिए दावा-आपत्ति 23 जनवरी तक

**बलौदाबाजार, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला सशक्तिकरण अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं मल्टी टास्क स्टाफपदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण कर पात्र-अपात्र सूची तैयार कर ली गई है। जिन अभ्यर्थियों को पात्र-आपात्र सूची के संबंध में जिन अभ्यर्थियों को दावा-आपत्ति करना हो तो 23 जनवरी 2024 समय अपरान्ह 2 बजे तक दावा-आपत्ति कर सकते है। दावा-आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### बलौदाबाजार नगर एव ग्राम मुण्डा में घटित सिलसिलेवार चोरी के 4 मामलों का खुलासा

# चोर गिरोह के 7 और सदस्य गिरफ्तार

- पुलिस ने कल भी इसी गिरोह के 9 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर भेजा था जेल
- चोरी करने के लिए दिन भर घूमते थे कॉलोनियों में, लोकल निवासी होने के कारण लोगों को नहीं होता था इन पर शक
- आरोपियों से चोरी का 1.30 लाख नगद, 5 तोला सोना सहित कुल 4.30 लाख का सामान बरामद



**आरोपियों के नाम**

1 स्वप्निल प्रकाश पिता संत मसीह (35) निवासी होटल पार्क प्लाजा के पीछे बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
2 प्रीतम साहू पिता धनीराम साहू उम्र 28 साल निवासी वैष्णव कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
3 सिद्धार्थ भोई पिता विशेषर भोई उम्र 25 साल निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
4 कृष्णा वर्मा पिता सिद्धेश्वर वर्मा उम्र 28 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन
5 राम स्नेही पिता रामकुमार उम्र 30 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन
6 भुवनेश्वर वर्मा पिता कमल नारायण वर्मा उम्र 31 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन
7 चोवाराम वर्मा पिता कमल नारायण उम्र 35 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 जनवरी।** बलौदाबाजार पुलिस ने ग्राम मुण्डा, समृद्धि कॉलोनी, सिविल लाइन एवं सृष्टि कॉलोनी में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का राजफाश करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने 12 जनवरी को अभियान चलाकर गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में 13 जनवरी को गिरोह के सात और सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एवं निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में घटनास्थल का जांच कार्यवाही, आसपास घरों/कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, कुछ टेक्निकल इंट के आधार पर चोरी के आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया गया। मामले में अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना सिटी कोतवाली की विशेष टीम का निर्माण किया गया। पुलिस टीम द्वारा समृद्धि कॉलोनी में चोरी के प्रकरण में कल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर इस शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया गया था। उक्त सभी 09 आरोपियों से पूछताछ एवं विवेचना के क्रम में आज पुनः इस चोर गिरोह के 07 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर, चोरी के अन्य 03 मामलों सहित बलौदाबाजार शहर, ग्राम मुण्डा में सिलसिलेवार घटित चोरी के कुल 04 मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरणों में टेक इंट, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबीर सूचना के आधार पर ग्राम कोलिहा, बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर निवासी संदिग्ध 07 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ पर इन सभी आरोपियों ने ग्राम मुण्डा एवं बलौदाबाजार, शहर के सिविल लाइन, समृद्धि कॉलोनी, सृष्टि कॉलोनी में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा इन आरोपियों से ?1, 30, 000 नगद, 05 तोला सोना सहित कुल ?4, 30, 000 का मशरूका बरामद किया गया है। सांथ ही आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 02 मोटर सायकिल एवं 04 नग मोबाइल भी जप्त किया गया है।

आरोपियों से पूछताछ पर कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिसमें सभी आरोपी की औसत आयु लगभग 25 से 35 वर्ष की है। इनमें गिरोह के सभी सदस्यों का काम बंटा हुआ होता था, जिसमें से कुछ सदस्य शहर की लोकल कॉलोनी में घूम-घूम कर सिर्फसूने मकान का चिन्हांकन करते थे। इसके बाद गिरोह के बाकी अन्य सदस्य रात में उस घर में चोरी करने के लिए निकलते थे, एक या दो सदस्य कॉलोनी के बाहर रहकर किसी आने जाने वाले अथवा पुलिस के आने की सूचना अन्य सदस्य तक पहुंचाने के लिए स्पार्टर का काम करते थे, बाकी सदस्य चोरी करने के लिए घर में दाखिल होते थे। उसके पश्चात चोरी का पूरा सामान गिरोह के दूसरे किसी एक अन्य सदस्य के पास पहुंचा दिया जाता था। फिर मामला शांत होने के बाद चोरी में अर्जित रकम का सभी सदस्यों के मध्य बराबर बराबर बंटवारा कर दिया जाता था। इसके अलावा गिरोह में एक सदस्य चोरी की पूरी रकम को संभालने का काम केशियर के रूप में करता था। चारों मामलों में घटनास्थल का निरीक्षण, चोरी करने का तरीका, आसपास लगे लगभग 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के पश्चात इस चोर गिरोह की पहचान कर, इसके सभी शातिर सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पूरी जानकारी के अनुसार यह पूरा गिरोह, एक पेशेवर आदतन चोर गिरोह के रूप में काम कर रहा था, यदि यह लोग जल्द पुलिस की पकड़ में नहीं आते तो निश्चय ही किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते थे। चारों प्रकरण में सभी 07 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# बंदूक की नोक पर ज्वेलरी दुकान में लूट करने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भखारा, 14 जनवरी।** नगर पंचायत भखारा में स्थित दुर्गा ज्वेलर्स से कट्टे की नोंक पर लूटपाट की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं आरोपी को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुरूद के.के. बाजपेयी के मार्गदर्शन में सायबर सेल तकनीकी एवं थाना भखारा की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

3 जनवरी को भखारा स्थित दुर्गा ज्वेलर्स में दो अज्ञात लड़की, लड़का द्वारा मुंह मे स्कार्प बांधकर दुकान अंदर प्रवेश कर कट्टे की नोक पर रानीहार को लूटकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना भखारा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान सायबर टीम एवं थाना भखारा द्वारा घटना स्थल भखारा से रायपुर शहर तक लगे सीसीटीवी फूटेज का बारीकी से अध्ययन किया गया। संदेहियो को लक्ष्मी नगर कालोनी पचपेड़ी नाका रायपुर में जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में देखा गया, जिनकी पतासाजी हेतु लक्ष्मी नगर कालोनी एवं आसपास के कालोनियों में टीम द्वारा सतत निगरानी रखकर मुखबिर लगाकर पतातलाश किया जा रहा था। 12 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर संदेही आरोपियों को उनके निशानदेही लक्ष्मी नगर कालोनी में पकड़कर पुछताछ किया गया जो अपना नाम अर्पित लाल मरकाम एवं प्रियंका इसरानी बताये और बता दें कि 3 जनवरी को दुर्गा ज्वेलर्स भखारा में सोना खरीदने के बहाने दुकानदार को पिस्टल दिखाकर, डरा धमकाकर लूट करना स्वीकार किया एवं लूटी गई हार एवं घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल, एक्स प्लस स्पोर्ट मोटर सायकल कमांक सीजी 04 एमटी 4710 को जप्त किया गया एवं आरोपियों को थाना भखारा के अपराध धारा 392 भादवि.आरोपी अर्पित लाल मरकाम पिता दिनेश लाल मरकाम उम्र 29 साल साकिन बुढ़ापारा वार्ड कमांक 46 थाना सिटी कोतवाली रायपुर एवम प्रियंका इसरानी पिता नरेश इसरानी उम्र 20 साल साकिन बुढ़ापारा वार्ड कमांक 46 थाना सिटी कोतवाली रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

उक्त आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक शरद ताम्रकर, सायबर सेल तकनीकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश साहू, थाना भखारा सउनि तेजू राम साहू, मआर अमृता मतस्यपाल एवं सायबर सेल से प्रआर. देवेन्द्र राजपूत, आर. कमल जोशी, धीरज डड़सेना, वीरेन्द्र सोनकर, मुकेश मिश्रा, कृष्ण कन्हैया पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, झमेल राजपूत, फनेश साहू, विकास द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही है।

## समाचार संक्षेप

### जनपद सदस्य ने किया बोरखनन का भूमिपूजन



**दल्लीराजहरा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम कुसुमकसा के जैन भवन में बोर खनन का भूमिपूजन जनपद सदस्य संजय बैंस ने किया कुसुमकसा के जैन भवन जो की ग्रामवासियों के सभी के सुख और दुख में काम आने वाला भवन है पर यहां पर पानी की समस्या थी जिससे सामाजिक आयोजन करने में दिक्कत होता था जैन समाज के लोग जनपद सदस्य संजय बैंस से आग्रह किए की हमारे समाज में एक बोर पंप की आवश्यकता है बोर पंप की स्थापना से जैन समाज के साथ सभी सामाजिक आयोजनों का लाभ मिलेगा जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा की जैन समाज की मांग है स्वयं इस भवन के कार्यक्रमों में आता जाता रहता हु मै स्वयं इस समस्या को समझता हु इससे अच्छा भवन हमारे गांव में नही है इस भवन की खूबसूरती और ग्रामीण जन के साथ जैन समाज के लिए बोर खनन के लिए मैं अपने जनपद निधि से एक लाख साठ हजार रुपए स्वीकृत कर आज हम बोर खनन की भूमिपूजन किया हु सरपंच शिव राम सिंदरामे ने कहा की वास्तव में जैन भवन में पानी की समस्या थी जिसे हमारे जनपद सदस्य संजय बैंस ने पूरा किया जैन समाज के संरक्षक प्रकाश चंद कुचेरिया ने कहा की जैन समाज अपने आप में सक्षम समाज है पर समाज ने एक आग्रह हमारे जनपद सदस्य संजय बैंस से किया और हमारी बातों का मान रखते हुए आज हमारे जनपद सदस्य जी ने बोर खनन कर गांव के साथ समाज का मान बड़ाए मैं पूरे समाज की तरफसे आभार मानता हु जैन समाज के अधक्ष्य देवराज जैन ने कहा की आज बोर कार्य होने से पूरे समाज में हर्ष व्यापात है।

### प्रियदर्शनी स्कूल में हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**दल्लीराजहरा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल कूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा और अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने समां बांधा। फेंसी ड्रेस में बच्चें अलग-अलग किरदार में सज-संवरकर पहुंचे।कार्यक्रम के तहत शिक्षा के महत्व विषय पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चियों ने नाटक का मंचन कर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही नृत्य नाटिका की प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने सराहा। स्कूल के बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए कराई गई प्रतियोगिताओ में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, लघु नाटिका, वादन प्रतियोगिता, सामूहिक गान और एकल गान के तौर पर कई प्रतियोगिताओं हुई। विकास सुखवानी/उपाध्यक्ष नगर पालिका तिल्दा ने कहा कि स्कूलों में वर्ष भर में एक बार होने वाले वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लेमीक्षा गुरु डहरिया /अध्यक्ष नगर पालिका तिल्दा, विकास सुखवानी/उपाध्यक्ष नगर पालिका तिल्दा ईश्वर यदु, भागबली साहू, अनुराधा वर्मा, नरेंद्र मालूराम शर्मा, सौरभ जैन, मनोज निषाद, सतीश निषाद, डाक्टर खुमान वर्मा, पार्षद चन्द्रकला वर्मा, यू एस तिवारी, दिलीप अग्रवाल, अनीता तिवारी, मिथुन अग्रवाल तथा स्कुल के शिछक शिछिकाए, पालकगण, भारी संख्या में शहर के नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ग्राम व नगर पंचायतों में चलाया जा रहा 'आओ चलें वोटर बने' मतदाता जागरूकता अभियान

# मानव श्रृंखला, युवा महोत्सव व रंगोली स्पर्धा के साथ किया जा रहा घर-घर संपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 14 जनवरी।** आओ चले वोटर बने अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए तथा हटाने के लिए ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत 6 जनवरी से हो चुकी है जो की 22 जनवरी तक चलेगी इसके लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है 6 जनवरी से प्रतिदिन कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है इसी के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा के छात्र-छात्राओं अध्यापकों ने नगर में रैली निकाली नगर वासियों को नारों के माध्यम से जागरूक किया समाजसेवी शीतल ध्रुव ने नगर वासियों से अपील की जिनके परिवार में 1 जनवरी 1 अप्रैल 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर 2024 की स्थिति में बच्चों की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है वह अपने पास की स्कूल में जाकर बीएलओ के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं जिलाधीश के निर्देश एवं एसडीएम भूपेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में गांव गांव नगरों में तथा विद्यालयों में आओ चले वोटर बनने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम व शिविर का आयोजन किया जा रहा है आगामी 13 जनवरी शनिवार व 14 जनवरी रविवार को अपने पास के मतदान केंद्र में जाकर उपस्थित अधिकारियों अथवा बीएलओ से नाम जोड़ सकते हैं महाविद्यालय एवं नगर के हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली, मानव श्रृंखला, नित्य नाटिका, रंगोली प्रतियोगिता, जनपदों में युवा महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आदिवासी युवा महोत्सव के साथ-साथ घर-घर संपर्क अभियान का आयोजन किया जा रहा है जनपद स्तरीय कार्यक्रम के लिए सीईओ जाफ्री को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कया यादव करारोपण आधिकारी, हेमलाल कंवर, समाजसेवी शीतल ध्रुव प्रोफेसर डी आर साहू, कृष्ण कुमार साहू प्राचार्य एनसी साहू प्राचार्य, विनोद कुमार देवांगन, लॉरेंस महिलांगे, डोमेश्वर ध्रुव, शिक्षक गण का विशेष रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. .......अ/2. वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकीला बेगम पति मोहम्मद आजाद जाति मुसलमान निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 1283/16 रकबा 0.0170 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा नक्शा, ऋण पुस्तिका, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 29/01/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाजरा बेगम पति सिलेदार खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 1283/9/2 रकबा 0.0180 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा नक्शा, ऋण पुस्तिका, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 29/01/2024 त्तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

## एक नजर

### आर्सेलर मित्तल बनाएगा दुनिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट

**रायपुर, 14 जनवरी।** विश्व भर में प्रसिद्ध स्टील और माइनिंग कंपनी आर्सेलर मित्तल, गुजरात के हजीरा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर पार करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी स्टील मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री का निर्माण करने की घोषणा की। 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में अपने भाषण के दौरान आर्सेलरमित्तल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल ने इसकी घोषणा की।

### अमेजन डॉट इन के संक्रांति फेस्टिव स्टोर के साथ मनाएं फसल के मौसम का उत्सव

**रायपुर, 14 जनवरी।** अमेजन डाट इन पर विशेषरूप से तैयार किए गए पोंगल और संक्रांति फेस्टिव स्टोर से इस त्योहारी सीजन में आकर्षक डील्स हासिल करें, जिसमें ग्राहकों के लिए विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों का एक विस्तृत चयन पेश किया जा रहा है। यह वन-स्टॉप-शॉप आपको एथनिक वियर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एप्लाएंसेस, होम डेकोर, फैशन और ब्यूटी उत्पाद, एक्सेसरीज, ताजे फल, सब्जियां, फूल आदि सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आकर्षक डील्स प्रदान करेगी। ग्राहक 18 जनवरी तक इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, और अपने घर पर आराम से बैठकर खरीदारी करते हुए बड़ी बचत कर सकते हैं। वनप्लस, आसुस, कैडबरी, हैप्पीलो, फीलिप्स, जस्ट हर्ब्स, अमूल, लाइजॉल, अनार्वा, आशीर्वाद, गोल्ड आर्ट इंडिया, लिगनम आर्ट्स जैसे शीर्ष ब्रांड्स आकर्षक डील्स की पेशकश कर रहे हैं।

### आधुनिक फीचर के साथ एमजी एस्टर 2024 लॉन्च

**रायपुर, 14 जनवरी।** एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एस्टर 2024 लॉन्च किया है। जो कि आल-न्यू वैरिएंट - स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सैवी प्रो में आधुनिक यूज इंटरफेस के साथ अपडेटेड आई-स्मार्ट 2.0 है। इसमें फ्रंट सीट वेंटिलेशन, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉयड आटो और एप्पल कार प्ले तथा आटो-डिमिंग आईआरवीएम के साथ कई आकर्षक विशेषताएं मिलेंगी। अपनी श्रेणी की सबसे आधुनिक एसयूवी, एमजी एस्टर 2024 सभी आकर्षक विशेषताओं के साथ 9, 98, 000 रुपये (एक्स-शोरूम) के आकर्षक शुरूआती मूल्य में उपलब्ध है। इस लॉन्च के बारे में एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, गौरव गुप्ता ने कहा, हम अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसे वाहन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लेटेस्ट आटोमोबाइल टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करें। अपने इसी वादे के अनुरूप और अपने ब्रांड के 100 साल पूरे होने की खुशी में हम एस्टर 2024 श्रृंखला में अत्याधुनिक फीचर्स, डिजाइन और बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव लेकर आए हैं, जो कार खरीदने वालों को और ज्यादा खुशी प्रदान करेंगे।

### नाममात्र रह गए हजारों की लागत से लगे सौर ऊर्जा पैनल



**भखारा, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गांवों की अंधेरी गलियों को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए शासन द्वारा हजारों की लागत से गांव-गांव में सोलर पैनल लगाए गए लेकिन यहां ग्राम पंचायत बगौद भाठापारा में नाम मात्र का रह गया। पिछले 3 माह से बंद पड़ा है जिसकी शिकायत मोहल्लेवासीयों ने ग्राम पंचायत एवं विभागीय अधिकारी को किया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई ठोंस कार्यवाही नहीं हुई है अभी भी रात में अंधेरा छाया रहता मोहल्लेवासी पुरानी राम साहू ने बताया अंधेरा रहने से चोरी डकैती होने का खतरा बना रहता है।

### प्रतिबंधित टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 14 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोतवाली पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 151 पत्ता नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालीबाड़ी चौक के पास आरोपी जियाउल हक 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से प्रतिबंधित टेबलेट नाइट्रोजन के 151 पत्ता जब्त किया है। सिकी कीमत करीब 10707 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# तुम्हारे पास यकीन का कोई इक्का है तो बताना हमारे भरोसे के तो सारे पत्ते जोकर निकले



भीलनी शबरी ने शंका की कि राम !यदि रावण का अंत नहीं करना होता तो तुम यहाँ क्यों आते..? राम गंभीर हुये, उत्तर दिया भ्रम में न पड़ो माँ.. !राम क्या रावण का वध करने आया है?अरे रावण का वध तो मेरा लक्ष्मण अपने पैर से बाण चला कर सकता है.. ! राम हजारों कोस चल कर इस गहन वन में आया है तो केवल और केवल तुमसे मिलने आया है माता !ताकि हजारों वर्षों बाद जब कोई पाखण्डी भारत के अस्तित्व पर प्रश्न करे तो इतिहास चिल्ला कर उत्तर दे कि इस राष्ट्र को क्षत्रिय राम और उसकी भीलनी माँ ने मिल कर गढ़ा थाजजब कोई भारत की परम्पराओं पर उँगली उठाये तो काल उसका गला पकड़ कर कहे कि नहीं !यह एकमात्र ऐसी सभ्यता है जहाँ एक राज पुत्र वन में प्रतीक्षा करती एक दरिद्र वनवासिनी से भेंट करने के लिए चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार करता हैज। राम वन में बस इसलिये आया है ताकि जब युगों का 'इतिहास' लिखा जाय तो उसमें अंकित हो कि सत्ता जब पैदल चल कर समाज के अंतिमव्यक्ति तक पहुँचे तभी 'रामराज्य' है।राम वन में इसलियेआया है ताकि भविष्य स्मरण रखे कि सच्ची प्रतिक्षाएँ अवश्य पूरी होती हैं। शबरी एकटक अपने राम को निहारती रहीं। राम ने फिर कहा- राम की वन यात्रा रावण युद्ध के लिए नहीं है माता ! राम की यात्रा प्रारंभ हुई है भविष्य के लिये आदर्श की स्थापना के लिएजराम आया है ताकि भारत को बता सके किअन्याय काअंत करना ही धर्म है द्यराम आया है ताकि युगों को सीख दे सके कि विदेश में बैठे शत्रु की समाप्ति के लिए आवश्यक है कि देश में बैठी उसकी समर्थक सूर्पणखाओं की नाक काटी जाय और खर-दूषणों का घमंड तोड़ा जायज और राम आया है ताकि युगों को बता सके कि रावणों से युद्ध केवल राम की शक्ति से नहींबल्कि वन में बैठी शबरी के आशीर्वाद से जीते जाते हैंज्ज। शबरी की आँखों में जल भर आया था।उसने बात बदलकर कहा कन्द खाओगे रामज.?'राम मुस्कुराये 'बिना खाये जाऊंगाभी नहीं अम्माज (वर्तमान राजनीति से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है)




### पावरफुल अफसर 2 आईएएस, 1 आईपीएस...

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार में फिलहाल 2 आईएएस दयानन्द पांडे, वसव राजू एवं एक आईपीएस मयंक श्रीवा स्तव पावरफूल बनकर उभरे हैं।पिछली सरकार में राजू को छोड़कर दोनों अफसर लूप लाईन में थे।दयानन्द तो एक मंत्री के टारगेट में थे तो झिरमघाटी के समय सुकमा एसपी रहे मयंक तो कुछ सालों से लूप लाईन में ही थे।सेक्रेटरी टू सीएम बनेआईएएस पी. दयानंद को भूपेश सरकार के मंत्री ने धमकी दी थी की 'मेरे टारगेट में हैं'।2006 बैच के आईएएस दयानन्द को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें सेक्रेटरी टू सीएम बनाया गया है।पी.दयानंद पिछली कांग्रेस की सरकार में लूप लाइन पर भेज दिए गए थे।नई सरकार में वह अब सबसे पावरफुल अफसर के तौर पर काम करने के लिए तैयार हैं। पी दयानंद बिहार के रहने वाले है।छ्ग में वह चार जिलों में कलेक्टरी का भी अनुभव रखते हैं। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में तैनाती के दौरान समग्र शिक्षा के क्षेत्र में कई काम भी किये है।पिछली बार सरकार बदली थी तब वह कोरबा, बिलासपुर के कलेक्टर थे। जिसके बाद उन्हें प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा बना दिया गया। इसके बाद वह वापसी नहीं कर पाएं। इसकी वजह थी पिछली सरकार में राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री और कोरबा विधायक रहे जयसिंह अग्रवाल के साथ उनकी अनबन? सीएम सचिवालय में दूसरे आईएएस की नियुक्ति की गई है। 2007 बैच के आईएएस बसव राजू सीएम टू सेकरेट्री बनाये गये हैं।बसव एस राजू सेक्रेटरी टू सीएम के साथ सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सचिव नगरीय प्रशासन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।इधर भूपेश सरकार की तर्ज पर ही जनसम्पर्क विभाग के मुखिया एक आईपीएस को बनाया गया है।यह बात और है की पिछली सरकार में यह जिम्मेदारी एडीजी दीपांशु काबरा को दी गई थी तो इस सरकार ने डीआईजी स्तर के अधिकारी को सौंपी है। मयंक श्रीवास्तव 2006 बैच के आईपीएस हैंउन्होंने प्रशिक्षण नारायणपुर बस्तर में प्राप्त किया।अधिकांश समय वहीं पदस्थ रहें।वर्ष 2013 में हुए झीरम घाटी कांड के समय सुकमा के एसपी थे।घटना के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें राजभवन में पदस्थापना दी गई।वे राज्यपाल के परि सहायक रहे।वहां से उन्हें स्थानांतरित कर दुर्ग जिले की कमान सौंपी गई है।मूलतःउप्र के रहने वाले मयंक जल्दी ही आईजी बन सकते हैं।



### पुलिस विभाग की तबादला सूची अटकी...

विष्णुदेव साय सरकार ने 89 आईएएस की जम्बो सूची जारी कर 19 जिलों के कलेक्टरों को बदल दिया है।पर पुलिस में तबादला सूची न जाने क्यों अटक गई है? चर्चा तो यहीं है कि कई बड़े अफसरों से जिलों के एसपी तक बदले जा रहे हैं।तेजतरार गृहमंत्री विजय शर्मा स्वयं कवर्धा में झंडा विवाद में पुलिस के व्यवहार के भुक्तभोगी हैं, वे दो बैठक पुलिस के आला अफसरों की ले चुके हैं। वैसे गुप्तचर शाखा के प्रमुख सहित करीब 10 एसपी के बदलने की चर्चा है तो आईजी भी बदले जा सकते हैं पर कब? सूत्र कहते हैं कि पीएम मोदी के डीजीपी कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को बदले जाने की जगह उन्हीं से काम लेने के उदगार के बाद छ्ग में नये सिरे से विचार हो रहा है।30/35 आईपीएस के तबादले की सूची कभी भी आ सकती है?

### बस्तरिया हैं नये महाधिवक्ता भारत

नवनियुक्ति महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत मूलतःबस्तर जगदलपुर के रहने वाले हैं। विधि की डिग्री लेने के बाद जबलपुर हाईकोर्ट से वकालत प्रारंभ की। पांच साल तक जबलपुर हाई कोर्ट में वकालत करते रहे। इसी बीच छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की स्थापना हुई, बाद वे जबलपुर से बिलासपुर आ गए। यहां वकालत प्रारंभ की। महाधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव के कार्य काल में पहले पैनल लायर बने फिर अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर कार्य प्रारंभ किया। राज्य में सत्ता परिवर्तन के साथ ही महा धिवक्ता व अन्य विधि अधिकारियों के साथ ही इन्होंने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद निजी वकालत करते रहे।

### और अब बस...

- क्या अजीत जोगी की पार्टी भाजपा में मर्ज हो जाएगी?
- छग सरकार का कौन मंत्री मोदी-शाह के सतत संपर्क में हैं?
- परिवहन विभाग का मुखिया कोई आईएएस बनेगा या आईपीएस?

# वेदांता इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल

**रायपुर, 14 जनवरी।** दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट (द्धद्ध) में नया सदस्य बन गया है। यह कंपनी भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक है। इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट एकमात्र संगठन है जो वैश्विक प्राइमरी एल्यूमिनियम उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है। वित्तीय वर्ष 2023 में कंपनी ने 22.9 लाख टन एल्यूमिनियम का उत्पादन किया जो देश के कुल एल्यूमिनियम उत्पादन का तकरीबन 60 प्रतिशत है। इस उत्पादन के साथ कंपनी दुनिया की 10 सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल हो गई है। एल्यूमिनियम को 'भविष्य की धातु' कहा जाता है। यह धातु ऊर्जा के मामले में परिवर्तन हेतु सहायक होने के साथ ही महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों और सस्टेनेबल अनुप्रयोगों में योगदान कर रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम दुनिया भर के बाजारों में प्रचालन करती है और 60 से अधिक देशों में इसके ग्राहक हैं। इनके उत्पादों का प्रयोग ऑटोमोटिव, बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रिकल्स, कंज्यूमर गुड्स व पैकेजिंग तथा नए उभरते क्षेत्र जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग, एयरोस्पेस व रक्षा आदि उद्योगों में होता है। इस सदस्यता पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, ''इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल होकर हम बहुत रोमांचित हैं। हम एल्यूमिनियम उद्योग के भीतर सस्टेनेबिलिटी को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस सदस्यता से हमारा संकल्प अधिक पुख्ता हुआ है। इस प्रयास में हम नवप्रवर्तन एवं नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर भी ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं जिससे प्रचालन वृद्धि की जा सके। बतौर सदस्य हम संपूर्ण एल्यूमिनियम वैल्यू चेन के ज्यादा सतत भविष्य को बढ़ावा देने एवं उसमें योगदान हेतु आई.ए.आई. व अन्य इंडस्ट्री लीडर के साथ मिलकर काम करेंगे। हम इस भागीदारी से उत्साहित हैं और मिलजुल कर अर्थपूर्ण प्रभाव कायम करने के लिए प्रयास करेंगे।''

आई.ए.आई. के महासचिव माइल्स प्रौसर ने कहा, ''वेदांता आई.ए.आई. के मूल्यों एवं लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करती है जो कि सुरक्षित, न्यायसंगत एवं सस्टेनेबल वैश्विक एल्यूमिनियम उद्योग की दिशा में चलते हैं। अपने इंस्टीट्यूट के सदस्य के तौर पर वेदांता एल्यूमिनियम का स्वागत करते हुए हम बेहद खुश हैं। दुनिया के शीर्ष एल्यूमिनियम उत्पादकों में से एक होने के नाते वेदांता एल्यूमिनियम की सदस्यता आई.ए.आई की वैश्विक आवाज़ को मजबूत करेगी और इससे सस्टेनेबल एल्यूमिनियम उद्योग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।''

कलाकृति



रायपुर, 14 जनवरी। नेहरू उद्यान में फल-फूल प्रदर्शनी में रेत से बनाई गई श्रीराम की मनोरम कलाकृति।

# साइंस कालेज में पूर्व छात्र शहीद युगल किशोर को किया गया नमन

**रायपुर, 14 जनवरी।** रक्षा अध्ययन विभाग, साइंस कॉलेज, रायपुर में आज अपने पूर्व छात्र शहीद युगल किशोर वर्मा के जन्मदिन पर, देश के लिए शहीद हुए विभिन्न परिवार को आमंत्रित कर, शहीद नमन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद उद्यान में शहीद युगल किशोर वर्मा एवं शहीद राजीव पांडेय (वीर चक्र) के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।



तत्पश्चात् सभागृह में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोलंबिया ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर किशोर जादवानी ने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है, भारत के युवाओं को आगे बढ़कर विश्व की व्यवस्था को संभालना होगा, इसके लिए सभी छात्र-छात्राएं आगे आए। उन्होंने गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया। किशोर जादवानी ने अपने साइंस कॉलेज के अध्ययन काल का स्मरण किया। उन्होंने घोषणा की कि 'शहीद युगल किशोर वर्मा के बच्चे की पूरी पढ़ाई यदि परिवार चाहे तो कोलंबिया ग्रुप के विद्यालय एवं महाविद्यालय में कर सकते हैं, बच्चे की पूरी पढ़ाई की व्यवस्था उनके संस्थान की ओर से होगी।'

निगहत परवीन खान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए, नक्सलियों के कारगुजारियों पर अंकुश लगाने तथा युवा पीढ़ी को नक्सलियों के विरुद्ध आगे आने का आव्हान की। पुलिस अधीक्षक व्ही के चौबे की पत्नी रंजना चौबे ने शहीदों के स्मृति में स्वरचित कविता पाठ की। प्राचार्य पी सी चौबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के इस स्वस्थ परंपरा को सदैव बनाए रखने का भरोसा दिलाया। उन्होंने शहीद परिवार को नमन करते, सदैव याद रखने का आश्वासन भी दिया। प्रो गिरीश कान्त पांडेय तथा डॉ वर्णिका शर्मा ने सभी शहीदों के जीवन के बारे में विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में शहीद परिवार से सुनील पांडेय, चेतना सिंह, माधुरी वर्मा, शिव वर्मा, आदि उपस्थित रहे। शहीदों के स्मृति में छात्र छात्राओं ने देश भक्ति आधारित नृत्य संगीत प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में फरहान, संस्कृति ठाकुर, राघव स्वर्णकार, मालविका नायर, परिधि, प्रियंका मिश्रा, वंशिका, तोरण, वर्षा, हितेश, सीपज, आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन त्रयंबिका प्रजापति और संस्कृति सिंहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मालविका मधु ने दिया। इस अवसर पर रेणु महेश्वरी, रुपिंदर दीवान, कविता दास, अरुण कुमार मिश्रा, सरोज शर्मा, रईस अहमद सिद्दीकी, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, संगीता बाजपेई, सीमा गुप्ता, शिव शर्मा, कान्हा राज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, एल्युमिनी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विप्र वार्षिक उत्सव सम्मेलन 27 और 28 जनवरी को

**रायपुर, 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा विप्र वार्षिक उत्सव सम्मेलन 27 व 28 जनवरी को आयोजित है। वार्षिक सम्मेलन में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल नृत्य प्रतियोगिता, युगल नृत्य प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता, एकल गायन प्रतियोगिता, समूह गायन प्रतियोगिता, अंताक्षरी प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साहित्यिक प्रतियोगिता के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, लघु कथा लेखन, काव्य लेखन प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा ।खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत शतरंज, तिरी- पांसा, लूडो, टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अन्य प्रतियोगिता के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता एवं पूजन थाल सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### प्रतिभागियों के लिए निर्देश

- प्रतियोगिताओं की प्रविष्टि 20 जनवरी तक अनिवार्य रूप से देना है। 22 जनवरी को कार्यक्रम की क्रम सूची प्रसारित की जाएगी।
- नृत्य प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग हेतु अलग-अलग होगा। एवं तीन आयु वर्ग 5 से 10 वर्ष, 10 से 15 वर्ष एवं 15 से 25 वर्ष का होगा।
- एकल गायन प्रतियोगिता भी बालक और बालिका वर्ग में विभाजित होगा एवं तीन आयु वर्ग में होगा।
- अंताक्षरी स्पर्धा में चार विप्रजनों की एक टीम होगी।
- फैंसी ड्रेस के लिए 30 सेकंड का समय दिया जाएगा।
- नृत्य एवं गायन हेतु समय सीमा 3 मिनट की होगी।
- मेहंदी, रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिता हेतु समय सीमा एक घंटा 30 मिनट होगा।
- व्यंजन प्रतियोगिता में घर से मटर से बना व्यंजन बनाकर लाना है।
- पूजन थाल में पूर्ण पूजन सामग्री के साथ घर से तैयारी करके लाना है।
- गायन एवं नृत्य के गीत के बोल पंजीयन के साथ देना अनिवार्य है।
- तात्कालिक भाषण हेतु समय सीमा 3 मिनट की होगी।
- निबंध प्रतियोगिता हेतु अधिकतम शब्द सीमा 500 एवं समय 40 मिनट का होगा।
- लघु कथा लेखन एवं काव्य लेखन के लिए अधिकतम समय 20 मिनट का दिया जाएगा । लघु कथा व काव्य रचना मौलिक एवं अप्रकाशित प्रकाशित होना चाहिए।

# शत्रुंजय तीर्थ की नव्वाणु यात्रा कर लौटी दिया कोचर का जैन समाज ने किया अभिनंदन

**रायपुर, 14 जनवरी।** धर्मानुरागी जैन परिवार मानस ज्वेलर्स सदरबाजार के तरुण व डॉ. सुषमा कोचर की पुत्री दिया कोचर ने श्रीआदिनाथ भगवान की असीम कृपा एवं आचार्य भगवंत प.पू. जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी म.सा. व प.पू सम्यक रत्न सागरजी म.सा. आदि विशाल साधु-साध्वीवृंद की पावन निश्रा में अत्यंत दुर्लभ व पावनकारी नव्वाणु यात्रा पूर्ण की है। कु दिया यहां चौबे कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज में बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा है।



शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ दिया को बचपन से ही धर्म-अध्यात्म में गहन रूचि रही है। कठिन व दुर्लभ नव्वाणु यात्रा पूर्ण कर शुक्रवार को रायपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट में दिया के फ्रैंड्स ग्रुप एवं अनेक धर्मानुरागियों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं ऋषभदेव जैन मंदिर में परिवार जनों सहित सभी कुटुम्बी और समाज जनों की ओर से दिया का अभिनंदन किया गया। दिया के बड़े पिता महेन्द्र कोचर ने बताया कि दिया ने दिनांक 29 नवम्बर 23 को खरतरगच्छाचार्य जिन पीयूष सूरीश्वरजी से आशीर्वाद ग्रहण कर यह यात्रा आरम्भ की थी। इस नव्वाणु यात्रा के अंतर्गत 99 पदयात्राएं पूर्ण की गई। वहीं इसके अंतर्गत चौविहार छट तप कर 7 यात्राएं की गई। चौविहार छट याने 2 दिन का चौविहार उपवास बिना पानी के उपवास कर दो दिन में 7 बार यात्राएं की गई । इसके बाद आयम्बिल तप कर 1 यात्रा फिर 1.5 गाँव, 3 गाँव यात्रा अगले दिन 6 गाँव, उसके अगले दिन 12 गाँव यात्रा की गई। आखिर में नव टूंक की 9 यात्रा 9 चैत्यवंदन कर की गई। इस तरह कुल 101 यात्रा की गई। इस नव्वाणु यात्रा में 4000 सीढ़ियों की चढ़ाई कर आदिनाथ भगवान के दर्शन को एक यात्रा माना गया है। और प्रत्येक यात्रा में श्रद्धालु 5 चैत्यवंदन करते हुए आगे बढ़ते थे।

सभी श्रद्धालु यात्री हर दिन सुबह 4.30 बजे से यात्रा आरम्भ करते थे। 45 मिनट में 4000 सीढ़ी चढ़कर आदिनाथ परमात्मा के दर्शन करते थे। इस तरह रोज 3 से 4 यात्रा पूर्ण की जाती थी। 3 या 4 बार यात्रा करने के बाद प्रतिदिन जैन एकासना किया जाता था। प्रत्येक यात्री के लिए 1 दिन उपवास कर 3 यात्रा करना अनिवार्य बताया गया था। इस नव्वाणु यात्रा के अंतर्गत गांवों की यात्रा रामपोल से प्रारंभ की जाती है। रामपोल से पहाड़ी पर स्थित मंदिर का कच्चा रास्ता अत्यंत कठिन व दुर्गम्य है। औसतन एक दिन 6 गावों की यात्रा पूर्ण होती है। 12 गांवों की यात्रा रात्रि विश्राम को मिलाकर दो से तीन दिनों में पूर्ण होती है। गांवों की ये यात्राएं लगभग 35-40 किलोमीटर की होती है। गांव के सभी स्थल प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की पूजा स्थली हैं। प्रमुख तीर्थ पालितना जैन धर्म का शास्वत तीर्थ है, जहां आदिनाथ भगवान की प्रतिमा है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 14 जनवरी।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आनंद नायक 20 वर्ष रमन मंदिर के पास फाफाडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एजे 7157 को अग्रसेन चौक स्थित जियाग्रो मोटर शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में संजयनगर निवासी प्रार्थी सहजाब खान 26 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सूजूकी मोपेड क्रमांक सीजी 04 एमयू 1923 को कलर्स मॉल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26